नई दिल्ली, शनिवार, 1 नवंबर 2025
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष,
एकादशी वर्ष : 29, अंक : 198
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 31
न्यून. 18

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



9 भगवान पर आस्था से उबरने में मदद मिली

हरियाणा सरकार

11 साल घणा कमाल
11 साल, तरक्की बेमिसाल



"हरियाणा के अपने सभी परिवारजनों को राज्य के स्थापना दिवस पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। इस प्रदेश ने हमेशा ही कृषि और रक्षा जैसे बड़े क्षेत्रों में देश को महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यहां के युवा इनोवेशन की दुनिया में भी अपना परचम लहरा रहे हैं। मेरी कामना है कि विकास के हर मानदंड पर यह राज्य नए-नए कीर्तिमान गढ़ता रहे।"

**- नरेन्द्र मोदी**



हरियाणावासियों को
## हरियाणा दिवस
की
## हार्दिक शुभकामनाएं
1 नवम्बर, 2025

इस अवसर पर

## तीन दिवसीय सांस्कृतिक बेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन

मुख्य अतिथि
**प्रोफेसर असीम कुमार घोष**
माननीय राज्यपाल, हरियाणा

गरिमामयी उपस्थिति
**श्री नायब सिंह सैनी**
मुख्यमंत्री, हरियाणा

दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना
₹ 2100
की पहली किस्त होगी जारी

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

1 नवम्बर, 2025 | प्रात: 10:00 बजे | यवनिका गार्डन, सैक्टर-5, पंचकूला



**आप सभी सादर आमंत्रित हैं**

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा के WhatsApp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on | @dipprharyana



हरियाणा सरकार

धरम हेत साका जिनि कीआ ॥
सीसु दीआ परु सिररु न दीआ ॥

तिलक जंञू राखा प्रभ ताका॥
कीनो बडो कलू महि साका॥
हिंद की चादर
श्री गुरु तेग बहादुर जी के
350 वें शहीदी वर्ष को समर्पित
1675 - 2025

## बलिदान, शांति और मानवता के प्रतीक

# श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस

## 25 नवम्बर, 2025

"मैं श्री गुरु तेग बहादुर जी को उनके शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उनके साहस और सिद्धांतों के साथ-साथ आदर्शों के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता के लिए पूरी दुनिया में उनकी प्रशंसा की जाती है। उन्होंने अत्याचार और अन्याय के सामने झुकने से इनकार कर दिया। उनकी शिक्षाएँ हमें आज भी प्रेरित करती हैं।"

- नरेन्द्र मोदी



# गुरु साहिब जी की स्मृति में हरियाणा सरकार द्वारा राज्य भर में कार्यक्रमों का आयोजन

## ( 1 से 25 नवम्बर, 2025 )

### गुरु साहिब जी के आदर्शों से प्रेरित पूरे राज्य में होंगे विशेष कार्यक्रम

**1-25 नवम्बर, 2025**
- 1 नवम्बर को **मेगा रक्तदान शिविर**
- 2 से 25 नवम्बर तक **350 अन्य रक्तदान शिविरों** का आयोजन

**3 नवम्बर, 2025**
- विद्यालयों में निबंध प्रतियोगिता व **'सुनो कहानी गुरु तेग बहादुर जी की'** कार्यक्रम

**8 नवम्बर, 2025**
- रोड़ी ( सिरसा ) से **शहीदी यात्रा**
- राष्ट्रीय सेमिनार एवं गुरु साहिब जी की जीवनी पर **किताब का विमोचन**

**9 नवम्बर, 2025**
- **'हिंद दी चादर'** मैराथन का करनाल में आयोजन

**11 नवम्बर, 2025**
- गांव मढ़ावाला, पिंजौर (पंचकूला) से **शहीदी यात्रा**

**14 नवम्बर, 2025**
- फरीदाबाद से **शहीदी यात्रा**

**18 नवम्बर, 2025**
- सढौरा (यमुनानगर) से **शहीदी यात्रा**
- कलेसर (यमुनानगर) में **'गुरु तेग बहादुर वन'** का उद्घाटन

**24 नवम्बर, 2025**
- आपसी सौहार्द और एकता का प्रतीक **सर्व-धर्म सम्मेलन (Interfaith Conference)**

**25 नवम्बर, 2025** **समापन समारोह**, कुरुक्षेत्र

## हरियाणा के सभी विश्वविद्यालयों में गुरु साहिब जी के जीवन पर आधारित सेमिनार तथा प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर लाइट एवं साउंड शो का आयोजन

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा के WhatsApp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipprharyana

नई दिल्ली

शनिवार, 1 नवंबर 2025

कार्तिक मास शुक्ल पक्ष,
एकादशी वर्ष : 29, अंक : 198
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 31
न्यून. 18

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


### इंडियन डिस्प्यूट रिजॉल्यूशन सेंटर का चौथा 'आर्बिट्रेट इन इंडिया कॉनक्लेव 2025'

# कानून मंत्री ने आर्बिट्रेशन को मजबूती देने कानून में संशोधन का किया ऐलान

**सुप्रीम कोर्ट जज मनमोहन ने कहा- संस्थागत आर्बिट्रेशन ही भविष्य है**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने दो टूक कहा कि देश में आर्बिट्रेशन को मजबूती देने के लिए अब समय आ गया है जब कानून में संशोधन कर इसे मजबूती दी जाए ताकि लोगों को त्वरित और खर्च रहित न्याय समयबद्ध तरीके से मिलने में आसानी हो। कानून मंत्री देश के प्रतिष्ठित इंडियन डिस्प्यूट रिजॉल्यूशन सेंटर के तत्वावधान में आयोजित 'आर्बिट्रेट इन इंडिया कॉनक्लेव 2025' को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण को सबसे बडा और सबसे पुराना आर्बिट्रेटर बताते हुए कहा कि महाभारत की लड़ाई में भगवान श्रीकृष्ण ने आर्बिट्रेटर की भूमिका निभायी थी। वैसे ही हमारे देश के गांवों में पंच, सरपंच, मुखिया जैसे कई संस्थान हैं जो लंबे समय से छोटे मोटे मामलों को निपटाने का काम करते रहे हैं, वे भी एक तरह से आर्बिट्रेटर की भूमिका में हैं। केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि आर्बिट्रेशन एंड कॉन्सिलिएशन एक्ट, 1996 में जल्द ही संशोधन लाया जाएगा। सेक्शन 34 के तहत न्यायिक हस्तक्षेप को 'पेटेंट इल्लीगैलिटी' तक सीमित किया जाएगा। भारत 2028 तक आर्बिट्रेशन का वैश्विक हब बनेगा। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के सभी अनुबंधों में संस्थागत मध्यस्थता अनिवार्य होगी। 6 महीने में विवाद सुलझे, यही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि देश को मजबूत वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) तंत्र की आवश्यकता है, जो अदालतों पर बोझ कम करे और आर्थिक आत्मविश्वास को मजबूत करे।



### सरदार पटेल को किया याद, वकालत का किया जिक्र

*इस अवसर पर उन्होंने सरदार पटेल को याद करते हुए कहा, आज सरदार पटेल को सब याद कर रहे हैं। मगर ये बात कम लोगों को पता होगी कि वे भी एक वकील थी। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी ने एक पुस्तक में इस बात का जिक्र किया है कि कैसे सरदार पटेल ने वर्ष 1909 में 46 लोगों की जान बचाने की पैरवी कर कोर्ट में कर रहे थे इतने में उन्हें सूचना दी जाती है कि उनकी पत्नी का देहांत हो गया। चेहरे पर बिना शिकन वे कोर्ट में लोगों को बचाने को जिरह करते रहे। बाद में जज ने पूछा कि आपकी पत्नी का देहांत हो गया और आप बिना विचलित हुए जिरह करते रहे! सरदार पटेल ने कहा कि पत्नी अब वापिस नहीं आ सकती लेकिन जिन लोगों की जान आफत में है उन्हें बचाया जा सकता है तो मैंने जिरह की। जज ने सभी को बाद में छोड़ दिया था।*

*कानून मंत्री के इस उद्बोधन पर इंडिया इंटरनेशनल सेंटर का कानूनविदों से खचाखच भरा हॉल देर तक करतल ध्वनि से गूंजता रहा। कानून मंत्री इस कार्यक्रम के आयोजक और आईडीआर के सचिव दिव्यांश राठी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन और विमर्श बेहद जरूरी हैं।*

### सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एचएमजे मनमोहन ने दिये सुझाव

*इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के जज एचएमजे मनमोहन ने एडहॉक आर्बिट्रेशन अब अतीत की बात होनी चाहिए। संस्थागत ढांचा ही विश्वास और गति ला सकता है। कोर्ट्स को सिर्फ 'पब्लिक पॉलिसी' उल्लंघन पर ही हस्तक्षेप करना चाहिए। उन्होंने आगे सुझाव दिया कि 100 करोड़ से ऊपर के सभी अनुबंधों में आईआरडीसी, डीआईएसी या आईआईएसी को अनिवार्य किया जाए। आर्बिट्रेशन अवाड्‌र्स को 30 दिनों में लागू करने का कानूनी प्रावधान हो। एआई-संचालित ई-फाइलिंग और वर्चुअल हियरिंग को पूर्ण कानूनी मान्यता दी जाए।*

### कई नामचीन हस्तियाँ उपस्थित रहीं

*इस अवसर पर देश की न्यायपालिका और विधि समुदाय की कई नामचीन हस्तियाँ उपस्थित रहीं। इनमें अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.डी. संजय, सीनियर एडवोकेट अनुराधा दत्त (डीएमडी एडवोकेट्स), बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सह-अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा, बॉम्बे लॉ चैम्बर्स के पार्टनर आयुष अग्रवाल, शार्दूल अमरचंद मंगलदास की पार्टनर श्रुति सभरवाल, तथा डीआरएसबी लॉ-चैम्बर्स के फाउंडिंग पार्टनर डॉ. शाश्वत बाजपेयी शामिल हैं। सभी के पैनल डिस्कशन को केंद्रीय मंत्री मेघवाल और सुप्रीम कोर्ट के जज मनमोहन ने खूब सराहा।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### वित्त मंत्री सीतारमण का भूटान दौरा रद्द



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की भूटान की यात्रा पारो में खराब मौसम के कारण रद्द कर दी गई है। वित्त मंत्री पड़ोसी देश के साथ साझेदारी को और मजबूत करने के लिए गुरुवार को भूटान की 4 दिनी आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुई थीं। वे भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई कर रही थीं।

### पीएम छग विधानसभा का करेंगे उद्घाटन



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार, एक नवंबर को छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे। वे छत्तीसगढ़ विधानसभा के नए भवन का उद्घाटन करेंगे। इसे ग्रीन बिल्डिंग अवधारणा पर बनाया गया है। प्रधानमंत्री सड़क, उद्योग, स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में 14,260 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास भी करेंगे।

### नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन 2025 में प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यअतिथि के तौर पर लिया हिस्सा

# आर्य समाज ने समाज सुधार की महान परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाया: मोदी

**पीएम ने कहा, भारत विरोधी कोई भी सोच हो, विदेशी विचारधाराओं को थोपने वाले लोग हों, विभाजनकारी मानसिकता हो, सांस्कृतिक प्रदूषण के दुष्प्रयास हों, आर्य समाज ने हमेशा इनको चुनौती दी**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि आर्य समाज ने समाज सुधार की महान परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाया है। आर्य समाज अपनी स्थापना से लेकर आज तक प्रबल राष्ट्रभक्तों की संस्था रही है। आर्य समाज निर्भीक होकर भारतीयता की बात करने वाली संस्था रही है। भारत विरोधी कोई भी सोच हो, विदेशी विचारधाराओं को थोपने वाले लोग हों, विभाजनकारी मानसिकता हो, सांस्कृतिक प्रदूषण के दुष्प्रयास हों, आर्य समाज ने हमेशा इनको चुनौती दी है। मुझे संतोष है कि आज जब आर्यसमाज और उसकी स्थापना के एक सौ पचास वर्ष हो रहे हैं, तो समाज और देश, दयानंद सरस्वती जी के महान विचारों को इस विराट स्वरूप में नमन कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने ये विचार नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन 2025 में मुख्य अतिथि के तौर पर हिस्सा लेते हुए व्यक्त किये। पीएम मोदी ने महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती और आर्य समाज की समाज सेवा के 150 वर्षों के उपलक्ष्य में एक स्मारक सिक्का जारी किया। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, ज्ञान ज्योति महोत्सव आयोजन समिति के चैयरमेन सुरेन्द्र कुमार आर्य, डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी के प्रेसिडेंट पूनम सूरी, वरिष्ठ आर्य सन्यासी स्वामी देवव्रत सरस्वती, परम मित्र मानव निर्माण संस्थान के अध्यक्ष कैप्टन रुद्रसेन सिन्धु, विभिन्न आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रेसिडेंट और वाइस प्रेसिडेंट, देश और दुनियाभर से आए आर्य समाज के अनेक सज्जन इस सम्मेलन में उपस्थित रहे। ▶▶ शेष पेज 8 पर

**आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष...ये अवसर केवल समाज के एक हिस्से या संप्रदाय से जुड़ा नहीं है, ये अवसर पूरे भारत की वैदिक पहचान से जुड़ा है: प्रधानमंत्री**







### स्वामी दयानंद की ऊर्जा महसूस हो रही

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब हम यहां आए तो प्रारंभ में जो मंत्र सुने उनकी ऊर्जा अब भी हम सब महसूस कर रहे हैं। जब भी मुझे आपके बीच आने का अवसर मिला, और जब-जब मैं आया, वो अनुभव दैवीय अनुभव होता है, अद्भुत अनुभव होता है। और ये स्वामी दयानंद जी का आशीर्वाद है, उनके आदर्शों के प्रति हम सबकी श्रद्धा है, आप सभी विचारकों से दशकों पुरानी मेरी ▶▶ शेष पेज 8 पर

### विशेष स्मारक सिक्का जारी करने का सौभाग्य मिला





प्रधानमंत्री ने कहा कि गत वर्ष गुजरात में दयानंद सरस्वती जी के जन्मस्थान पर विशेष कार्यक्रम हुआ था। उसमें मैं वीडियो संदेश के जरिए शामिल हुआ था। इसके पहले यहां दिल्ली में ही मुझे महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती समारोह के शुभारंभ का सौभाग्य मिला था। वेदमंत्रों के उच्चारण की ऊर्जा, वो हवन अनुष्ठान, ऐसा लगता है जैसे अभी वो सब कल की ही बात हो। उन्होंने कहा कि तब उस आयोजन में हम सबने 200वीं जयंती के समारोह को, एक विचारयज्ञ के रूप में दो वर्ष तक जारी रखने का फैसला किया था। मुझे खुशी है, वो अखंड विचारयज्ञ अनवरत दो वर्ष तक चला है। समय-समय पर मुझे आपके प्रयासों और कार्यक्रमों की जानकारी भी मिलती रही है। और, आज मुझे एक बार फिर, आर्यसमाज के 150वें स्थापना वर्ष के इस आयोजन में, अपनी एक और भाव आहुति देने का अवसर मिला है। मैं स्वामी दयानन्द सरस्वती जी के चरणों में प्रणाम करता हूँ, उन्हें आदरपूर्वक श्रद्धांजलि देता हूँ। मैं आप सभी को इस अंतरराष्ट्रीय समिट के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। अभी हमें इस अवसर पर विशेष स्मारक सिक्के को जारी करने का भी सौभाग्य मिला है।

### आर्य समाज के बीज ने विशाल वृक्ष का रूप लिया

*प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता इस समय मंच पर मौजूद हैं। अभी दो दिन पहले ही हमारी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू जी ने राफेल फाइटर प्लेन में उड़ान भरी। और इसमें उनकी साथी बनी स्कवैड्रन लीडर शिवांगी सिंह। आज हमारी बेटियां फाइटर जेट उड़ा रही हैं, और ड्रोन दीदी बनकर आधुनिक कृषि को भी बढ़ावा दे रही हैं। साथियों, स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने अपने जीवन में परोपकारिणी सभा की स्थापना की थी। स्वामी जी के लगाए बीज ने विशाल वृक्ष की तरह कितनी ही शाखाओं को विस्तार दिया है। गुरुकुल कांगड़ी, गुरुकुल कुरुक्षेत्र, डीएवी संस्थान, एवं अन्य शैक्षणिक संस्थान, ये सभी अपने अपने क्षेत्रों में लगातार काम कर रहे हैं।*

### आर्य समाज ने गुरुकुल परंपरा को जीवित रखा

*उन्होंने कहा कि आर्य समाज के जिन कार्यों का ऋण देश पर है, उनमें एक अहम कार्य देश की गुरुकुल परंपरा को जीवित रखना भी है। एक समय गुरुकुलों की ताकत से ही भारत ज्ञान विज्ञान के शिखर पर था। गुलामी के दौर में इस व्यवस्था पर जानबूझकर प्रहार किए गए। इससे हमारा ज्ञान नष्ट हुआ, हमारे संस्कार नष्ट हुये, नई पीढ़ी कमजोर हुई, आर्यसमाज ने आगे आकर ध्वस्त होती गुरुकुल परंपरा को बचाया। यही नहीं, समय के मुताबिक आर्य समाज के गुरुकुलों ने खुद को परिष्कृत भी किया।*

### आर्य समाज स्वदेशी आंदोलन से जुड़ा रहा

*मोदी ने कहा कि आप सभी का मुझ पर इतना स्नेह रहा है, इसलिए मैं आज आपसे कुछ मांगने के लिए भी आया हूं, कुछ आग्रह भी करने आया हूं। मांग सकता हूं ना? मांग सकता हूं ना? मुझे पूरा विश्वास है आप देकर रहेंगे। राष्ट्र निर्माण के महायज्ञ में, आप इतना कुछ पहले से कर रहे हैं, मैं देश की कुछ वर्तमान प्राथमिकताएं भी आपके सामने दोहराना चाहता हूं। जैसे स्वदेशी आंदोलन, आर्य समाज इनसे ऐतिहासिक रूप से जुड़ा रहा है। आज जब देश ने फिर से स्वदेशी की जिम्मेदारी उठाई है, देश वोकल फॉर लोकल हुआ है, तो आपकी भूमिका इसमें और अहम हो जाती है।*

### आर्य समाज प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित करे

*उन्होंने कहा कि महर्षि दयानन्द जी की 200वीं जयंती के अवसर पर मैंने यज्ञ में प्रयोग होने वाले अनाजों की चर्चा की थी। हम सब जानते हैं, यज्ञ में श्रीअन्न की कितनी अहमियत होती है। जो अनाज यज्ञ में इस्तेमाल होते हैं, उन्हें विशेष रूप से पवित्र माना जाता है। इन अन्नों के साथ, मोटे अनाजों यानी श्रीअन्न की भारतीय परंपरा को भी हमें आगे बढ़ाना है। यज्ञ में प्रयोग होने वाले अन्न की एक खूबी ये भी होती है कि उनकी पैदावार प्राकृतिक रूप से होनी चाहिए। प्राकृतिक खेती, नैचुरल फ़ार्मिंग, अभी आचार्य जी बड़े विस्तार से उसका वर्णन कर रहे थे, ये नैचुरल फ़ार्मिंग भारतीय अर्थव्यवस्था की बहुत बड़ी आधार हुआ करती थी। आज एक बार फिर दुनिया उसके महत्व को समझने लगी है। मेरा आग्रह है, आर्य समाज नैचुरल फ़ार्मिंग के आर्थिक और आध्यात्मिक पहलू के प्रति भी लोगों को जागरूक करे।*

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिला डेनमार्क का शिष्टमंडल

# डेनमार्क के प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा में निवेश करने को लेकर दिखाई रुचि

**पशुपालन व कृषि सहित अन्य क्षेत्रों में सहयोग पर हुई चर्चा**



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शुक्रवार को उनके आवास संत कबीर कुटीर पर डेनमार्क की डेनिस फार्मर एब्रोड एसोसिएशन के 35 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में 20 विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल रहे। इस मौके पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पशुपालन, कृषि, डेयरी विकास सहित अन्य क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिधिनिमंडल ने इन क्षेत्रों में हरियाणा में निवेश करने को लेकर गहरी रुचि दिखाई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार डेनमार्क के साथ कई परियोजनाओं ▶▶ शेष पेज 8 पर

### निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध करवा रहे

*मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए निवेशकों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध करवा रही है। पारदर्शी नीतियों और उद्योग-हितैषी दृष्टिकोण के कारण हरियाणा आज निवेशकों की पहली पसंद बन चुका है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार डेनमार्क सहित अन्य अफ्रीकी देशों के साथ बिजनेस-टू-बिजनेस मॉडल पर साझेदारी को प्रोत्साहित कर रही है, ताकि नवीन तकनीकों, ज्ञान और संसाधनों के आदान-प्रदान से राज्य के औद्योगिक एवं कृषि क्षेत्र को नई दिशा मिल सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार गो-ग्लोबल एप्रोच के साथ काम कर रही है और विदेशी निवेशकों को हरियाणा में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को अवग त कराया कि इस प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा में अनेक स्थानों का दौरा कर कृषि और पशुपालन गतिविधियों का अध्ययन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के आयुक्त एवं सचिव विजय दहिया, विदेश सहयोग विभाग के सलाहकार पवन चौधरी, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के महानिदेशक डॉ. प्रेम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।*

## रविवार से भारत की दो दिवसीय यात्रा पर रहेंगे बहरीन के विदेश मंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



टैरिफ की चुनौती और वैश्विक स्तर पर कुछ जगहों पर जारी संघर्षों के बीच आगामी रविवार से बहरीन के विदेश मंत्री अब्दुल्ललतीफ बिन राशिद अलजयनी भारत के दो दिवसीय (2 से 3 नवंबर तक) दौरे पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि 2 नवंबर (सोमवार) को बहरीन के विदेश मंत्री का देश आगमन होगा।

वह इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। इसके ठीक अगले दिन 2 नवंबर को दोपहर 12 बजे उनकी विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ हैदराबाद हाउस में एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े तमाम पहलुओं के अलावा क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर भी विचार-विमर्श किया जा सकता है।

### राज्य की विकास यात्रा को नई गति देने के लिए भाजपा एवं एनडीए सदैव कृत-संकल्पित

# बिहार चुनावः नड्डा ने नीतीश की मौजूदगी में जारी किया एनडीए का संकल्प पत्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को पटना (बिहार) में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जीतन राम मांझी, चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा के साथ बिहार विधानसभा चुनाव 2025 हेतु एनडीए का संकल्प पत्र जारी किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि बिहार विधान सभा चुनाव 2025 हेतु एनडीए का संकल्प पत्र किसानों के कल्याण, युवाओं को रोजगार, महिलाओं के सशक्तिकरण, अधोसंरचना विकास व नये उद्यम स्थापित करने के साथ ही विकसित एवं आत्मनिर्भर बिहार निर्माण के लिए हमारी प्रतिबद्धता का दस्तावेज है। नड्डा ने कहा कि बिहार में एनडीए सरकार द्वारा सर्वांगीण उत्कर्ष एवं सभी वर्गों के सर्वस्पर्शी विकास के कई ऐतिहासिक आयाम स्थापित हुए हैं, बिहारवासियों के जीवन में आया सकारात्मक परिवर्तन और तेजी से हो रही प्रगति इसका प्रमाण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में बिहार के हर वर्ग के उत्थान एवं राज्य की विकास यात्रा को नई गति देने के लिए भाजपा एवं एनडीए सदैव कृत-संकल्पित है। उन्होंने कहा एनडीए का संकल्प - रफ्तार पकड़ चुका बिहार, फिर से एनडीए सरकार। उन्होंने कहा कि एनडीए के संकल्प पत्र में विकसित बिहार के हर नागरिक की आकांक्षाओं को पूरा करने की दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने विकास को पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाकर धरातल पर उतारने का कार्य किया है। भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है। मोदी के नेतृत्व में राजनीति में पारदर्शिता और जवाबदेही की संस्कृति स्थापित हुई है।





### मलेशिया में हुई बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पीट हेगसेथ ने किए समझौते पर हस्ताक्षर

# भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों में हुई एक नए अध्याय की शुरुआत, हुआ 10 साल का समझौता

**बोले राजनाथ, यह समझौता हमारी रक्षा साझेदारी के एक नए दशक का सूत्रपात करेगा**

- हेगसेथ बोले, एक स्वतंत्र, खुले हुए हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर भारत संग निकटता से काम करेगा अमेरिका

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

50 फीसदी टैरिफ से उत्पन्न संकट और तेजी से बढ़ती वैश्विक भू-राजनीतिक अस्थिरता के बीच भविष्य में भारत और अमेरिका के रक्षा संबंध एक नई ऊंचाई को छुएंगे। जिसका आधार बनेगा शुक्रवार को मलेशिया की राजधानी क्वालालंपुर में हुई दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों की व्यापक द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक के बाद हुआ '10 वर्षीय रक्षा रूपरेखा समझौता'। दरअसल ये बैठक 12वें आसियान-प्लस देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक से इतर हुई। समझौते के दो महत्वपूर्ण केंद्र बिंदुओं में से एक भविष्य में सामरिक संबंधों को और अधिक मजबूती प्रदान करना है। जबकि दूसरा एक स्वतंत्र, खुले हुए और नियम आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के गठन पर केंद्रित है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके अमेरिकी समकक्ष पीट हेगसेथ ने इस समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद दी अपनी प्रतिक्रिया में भी इनका बढ़-चढ़कर उल्लेख ▶▶ शेष पेज 8 पर



### मौजूदा मुद्दों, चुनौतियों पर किया मंथन

*मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने बैठक में आपसी रक्षा सहयोग में बनी हुई लगातार गति की सराहना की और साझा लाभप्रद साझेदारी से जुड़े हुए सभी स्तंभों को आगे मजबूत बनाने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इसके अलावा दोनों ने भारत-अमेरिका के बीच चल रहे रक्षा मामलों और उनसे जुड़ी हुई चुनौतियों की समीक्षा की। जो कि मौजूदा रक्षा उद्योग और तकनीकी सहयोग के लिए आवश्यक हैं। 2025 में हुआ ये समझौता अगले दस सालों के लिए साझेदारी को और अधिक रूपांतरित करने के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत करेगा। भारत-अमेरिका संयुक्त सैन्य अभ्यासों, सूचना के आदान-प्रदान, समान सोच वाले क्षेत्रीय व अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ सहयोग, रक्षा औद्योगिक, विज्ञान-प्रौद्योगिकी सहयोग और रक्षा सहयोग तंत्र के माध्यम से अपने रक्षा संबंधों को व्यापक बनाने के साथ ही गहराई प्रदान करने में लगे हुए हैं।*

### एक स्वतंत्र हिंद-प्रशांत क्षेत्र की दरकारः हेगसेथ

*पीट हेगसेथ ने एक्स में लिखा, 'मैंने हाल ही में राजनाथ सिंह से एक दशकीय यूएस-इंडिया रक्षा रूपरेखा समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए मुलाकात की है। जिससे हमारी रक्षा साझेदारी को बढ़ावा मिलेगा। जो कि क्षेत्रीय स्थिरता और निवारण की आधारशिला है। दोनों देश अपने समन्वय, सूचना को साझा करने और तकनीकी सहयोग को बढ़ा रहे हैं। हेगसेथ के मुताबिक, भारत और अमेरिका के रक्षा संबंध पहले कभी इतने मजबूत नहीं रहे हैं। रक्षा सहयोग के मामले में अमेरिका के लिए भारत एक प्राथमिकता वाला देश है। हम एक स्वतंत्र, खुले हुए हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बनाए रखने के लिए भारत के साथ निकटता से काम करने के लिए तैयार हैं।*

## अपराध में इस्तेमाल किए गए 6 मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद

# फर्जी होटल बुकिंग वेबसाइट चलाने के आरोप में चार अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली




साउथ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट की साइबर टीम ने. किया है। पूरे भारत में फर्जी होटल बुकिंग वेबसाइट चलाने के आरोप में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। 100 से ज्यादा फर्जी होटल वेबसाइट्स का पता लगा उन्हें आरोपी नेटवर्क से जोड़ा गया है। एनसीआरपी पोर्टल के जरिए 132 संबंधित शिकायतें ट्रेस की गई, जिनमें लगभग 1 करोड़ से ज्यादा के फ्रॉड शामिल हैं। अपराध में इस्तेमाल किए गए 6 मोबाइल फोन और 1 लैपटॉप बरामद हुआ है।

पुलिस के अनुसर एक शिकायतकर्ता शशांक रायजादा के साथ होटल बुकिंग के बहाने 68 हजार का साइबर फ्रॉड किया गया था। 19 अगस्त को जेडब्ल्यू मैरियट, चंडीगढ़ में होटल बुकिंग के नाम पर यह ठगी की गई थी। अपराध की गंभीरता को देखते हुए 23-31 अक्टूबर के बीच पांच राज्यों में एक कड़ा 144 घंटे का इंटरस्टेट ऑपरेशन शुरू किया गया। टेक्निकल सर्विलांस और लोकल इंटेलिजेंस के आधार पर जिला डीग (राजस्थान) के गांव झेंझपुरी में एक रेड की गई। 24 अक्टूबर को शरूप, एकरार और सोहेल नामक तीन लोगों को पकड़ा गया। 28 अक्टूबर को मिली पुलिस कस्टडी रिमांड के दौरान उनकी निशानदेही पर मेवात से अपराध में इस्तेमाल किए गए डिवाइस बरामद किए गए। डिजिटल सबूतों के एनालिसिस से पता चला कि एड्सलाइन नाम की एक ऑनलाइन एडवरटाइजिंग एजेंसी के जरिए फर्जी होटल बुकिंग वेबसाइट बनाई गई थी। एड्सलाइन के मालिक गोपाल सिंह कार्की निवासी गांव भूराकिशनी, उत्तराखंड का पता लगाया गया और उसे 30 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से फर्जी वेबसाइट बनाने और चलाने में इस्तेमाल होने वाले डिवाइस और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट बरामद किए गए। आरोपियों ने पूरे भारत में जाने-माने फाइव-स्टार होटलों के नाम पर फर्जी वेबसाइट बनाकर साइबर फ्रॉड का एक सोफिस्टिकेटेड तरीका अपनाया था। वे फिर गूगल पर स्पॉन्सर्ड विज्ञापन चलाते थे और यह पक्का करते हुए कि जब संभावित ग्राहक होटल बुकिंग के लिए सर्च करें तो उनके फर्जी कॉन्टैक्ट नंबर टॉप सर्च रिजल्ट में दिखें। कॉल आने पर आरोपी खुद को होटल रिसेप्शनिस्ट बताते थे। तुरंत ऑनलाइन पेमेंट पर 10-20 प्रतिशत डिस्काउंट देते थे, और पीड़ितों को पैसे ट्रांसफर करने के लिए उकसाते थे। मिले हुए पेमेंट को सोना, मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट खरीदने के लिए ऑनलाइन मर्चेंट को रीडायरेक्ट कर दिया जाता था, जिन्हें बाद में अलग-अलग जगहों पर डिलीवर किया जाता था। इस खास मामले में रिलायंस ज्वेल्स वेबसाइट के जरिए 68 हजार की सोने की ज्वेलरी खरीदी गई और उसे राजस्थान के जयपुर में एक पब्लिक जगह पर डिलीवर करवाया गया था।

### साइबर अपराध गिरोह का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक साइबर धोखाधड़ी में शामिल गिरोह का भंडाफोड़ किया है। कुल पांच जालसाजों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें एक बैंक का जनसंपर्क प्रबंधक भी शामिल है। पुलिस के अनुसार इस गिरोह का सरगना एक भारतीय है और वह दुबई से इसका संचालन कर रहा है। पुलिस के अनुसार पकड़ में आया गिरोह कई फर्जी फर्म संचालित करता था और कम से कम 12 राज्यों के लोगों को ठगी का शिकार बना चुका था। ठगी गई धनराशि को वैध करने के लिए कई चालू खाते खोले गये थे। अपराध शाखा के अधिकारियों के अनुसार प्रत्येक बैंक खाते के लिए आरोपियों ने कथित तौर पर 1.5 लाख रुपया कमीशन लिया। डिजिटल निगरानी के माध्यम से विभिन्न ठिकानों का पता लगाकर कई छापे मारे गए। इस दौरान आरोपियों को दिल्ली, गुरुग्राम और हिसार से गिरफ्तार किया गया। इनके नाम मंजीत सिंह (28), मनस्वी (23), मनीष मेहरा (33), सोमबीर (43), और बैंक अधिकारी अनूप (35) बताये गये हैं। पुलिस के अनुसार जून में दर्ज एक ऑनलाइन प्राथमिकी की जांच से पता चला कि यह गिरोह दुबई स्थित एक संचालक के निर्देशों पर काम करता था। संचालक की पहचान टॉम के रूप में हुई है। बैंक अधिकारी अनूप ने चालू खाते खोलने में मदद की और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) शिकायतों और खातों पर रोक लगाने से संबंधित आंतरिक अलर्ट लीक किए। गिरोह के अन्य लोगों पर कई फर्जी कंपनी बनाने, बही-खाते रखने और वित्तीय लेनदेन का समन्वय करने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कम से कम तीन फर्जी फर्म खोलने और ठगी गई धनराशि को अंतरित करने के लिए आठ बैंक खाते खोलने की बात कबूली है। ऐसी राशि को बाद में 'क्रिप्टोकरेंसी' में बदला गया ताकि उसका पता न चल सके। डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार ठगों से 18 मोबाइल फोन, क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट के डेटा वाला एक लैपटॉप, बैंक के दस्तावेज, 36 सिमकार्ड और कई चेकबुक बरामद की गई हैं। जब्त किए गए दस्तावेज तमिलनाडु, कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, गुजरात, केरल और हरियाणा में दर्ज 52 साइबर धोखाधड़ी शिकायतों से जुड़े पाये गये हैं।

## सीलमपुर में 22 वर्षीय अपराधी की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर इलाके में सात आपराधिक मामलों में शामिल 22 वर्षीय एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि यह घटना 30 अक्टूबर की रात करीब 10.40 बजे हुई। गोलीबारी की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस को इलाके में जामा मस्जिद के पास एक व्यक्ति गोली लगने से घायल पड़ा मिला। उसे तत्काल जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान जाफराबाद के निवासी मिस्बाह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार अपराध स्थल से साक्ष्य एकत्र करने के लिए फोरेंसिक टीमों को मौके पर बुलाया गया है। संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और इसमें शामिल लोगों की पहचान कर उन्हें पकड़ने के लिए टीमें गठित की गई हैं। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि मृतक का आपराधिक इतिहास था और वह पहले भी हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती और आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज करीब सात मामलों में वह शामिल था। गोलीबारी के मकसद का पता लगाने और इसमें शामिल संदिग्धों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्री सुरेश शर्मा, प्रोप. मेसर्स श्री कृष्णा बैटरीज एंड इन्वर्टर, निवासी 103, जी-ब्लॉक, दक्षिणपुरी, सेक्टर-5, नई दिल्ली-110062, दूसरा पता 1/10925-ए, द्वितीय तल, गली नंबर 6, चौहान भवन, सुभाष पार्क, नवीन शाहदरा, दिल्ली-110032 ने सीटी संख्या 1161/2020 धारा 138 एनआई एक्ट, थाना शकरपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **श्री सुरेश शर्मा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **श्री सुरेश शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सीटी संख्या 1161/2020 धारा 138 एनआई एक्ट, थाना शकरपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **श्री सुरेश शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.12.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पी. भार्गव राव
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-05
पूर्व जिला, कोर्ट नं. 03, द्वितीय तल
कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली

DP/14106/ED/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C. & 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी दीपक चौहान, पुत्रः** करमबीर सिंह चौहान **पताः** शीश गंज गुरुद्वारा चांदनी चौक, दिल्ली **एंवः** बाजपुर उधम सिंह नगर **(उत्तराखंड) भारत FIR No. 10/2022, U/s: 379/411/34 IPC, पुलिस थानाः दरियागंज, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक चौहान,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक चौहान,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **दीपक चौहान, FIR No. 10/2022, U/s: 379/411/34 IPC, पुलिस थानाः दरियागंज, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.02.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
डॉ. राज कुमार सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05 (केंद्रीय)
केन्द्रीय जिला, कमरा नं. 241
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14437/CD/2025
(Court Matter)


## बवाना में मिलावटी घी बनाने वाली फैक्टरी का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की ईस्टर्न रेंज ने बवाना औद्योगिक क्षेत्र में मिलावटी घी बनाने वाली एक फैक्टरी का पर्दाफाश पुलिस ने किया है। फैक्ट्री चलाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी के दौरान पुलिस टीम ने 3,700 लीटर से अधिक नकली घी, बड़ी मात्रा में कच्चा माल, पैक करने वाली सामग्री और इसे बनाने में प्रयुक्त मशीनरी जब्त की गई है। आरोपियों के नाम हरियाणा निवासी सतेंद्र (44) और परवीन (29) बताये गये हैं।

पुलिस के अनुसार 29 अक्टूबर को सूचना मिली थी कि बवाना औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री विभिन्न लोकप्रिय ब्रांड के लेबल लगाकर अवैध रूप से मिलावटी घी बना रही है और पैकिंग कर रही है। सूचना को पुख्ता कर परिसर में छापा मारा गया, जिसमें पता चला कि यह एक पूर्ण विकसित विनिर्माण इकाई है। पुलिस ने पाया कि आरोपी मिलावटी घी बनाने के लिए रिफाइंड तेल और बिना दूध वाले अन्य पदार्थों का इस्तेमाल कर रहे थे। बाद में उन्होंने उत्पाद को लोकप्रिय देसी घी ब्रांड जैसा दिखाने के लिए पैक किया और लेबल चिपकाया। बरामद सामान में लगभग 2,500 लीटर पैक किया हुआ मिलावटी घी और लगभग 1,200 लीटर बिना पैक किया हुआ घी शामिल है। पुलिस के मुताबिक मास्टरमाइंड सतेंद्र नकली घी बनाने का अवैध धंधा शुरु करने से पहले सोनीपत में खली बेचने का छोटा-मोटा धंधा करता था। पहले ऑटो चलाने वाला परवीन करीब एक साल पहले बवाना की इस फैक्टरी का कामकाज संभालने के लिए उसके साथ जुड़ गया। केस दर्ज कर आगे की जांच जारी है।

## 22 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के बदरपुर इलाके में 32 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से करीब 22 किलोग्राम मादक पदार्थ और एक अवैध आग्नेयास्त्र बरामद किया गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि आरोपी की पहचान तुगलकाबाद गांव निवासी विकास उर्फ मंते के रूप में हुई है। उसे 29 अक्टूबर को देर रात पकड़ा गया जब उसने बदरपुर सीमा के निकट पुलिस नाके पर जांच के दौरान भागने की कोशिश की। रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने देर रात करीब 2:15 बजे फरीदाबाद की तरफ से एक आदमी को आते देखा जिसके पास प्लास्टिक का एक बोरा था। आरोपी ने भागने की कोशिश की लेकिन उसे पकड़ लिया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, ₹बोरे की जांच करने पर पॉलीथीन के चार थैले मिले जिनमें हरे रंग का एक पदार्थ था। इसके मारिजुआना (एक प्रकार का मादक पदार्थ) होने का संदेह था, जिसका कुल वजन 22.17 किलोग्राम था। उसके पास से एक पिस्तौल और दो कारतूस भी बरामद हुए।₹ पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ बदरपुर थाने में स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ के दौरान, विकास ने जल्दी पैसा कमाने के लिए मादक पदार्थों की तस्करी करने की बात कबूल की और हाल ही में इलाके में हुई झपटमारी की दो घटनाओं में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस ने बताया कि उसकी गिरफ्तारी के साथ ही बदरपुर में झपटमारी के दो मामलों का खुलासा हो गया है। अधिकारी ने बताया, ₹विकास गोविंदपुरी थाने का एक बदमाश है और उसका लंबा आपराधिक इतिहास है। वह चोरी, लूट, झपटमारी और अवैध हथियार रखने के करीब 30 मामलों में शामिल रहा है।

## महिला पत्रकार का पीछा करने के आरोप में दो पकड़े

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बृहस्पतिवार देर रात एक महिला पत्रकार का कथित तौर पर पीछा करने और उसकी कार को क्षतिग्रस्त करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। घटना के कुछ ही घंटों के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। यह घटना 30 और 31 अक्टूबर की मध्यरात्रि को हुई, जब एक निजी टेलीविजन समाचार चैनल में बतौर प्रोड्यूसर कार्यरत 35 वर्षीय महिला नोएडा सेक्टर 129 स्थित अपने कार्यालय से घर लौट रही थी। अधिकारी ने बताया कि रात करीब 12:45 बजे, जब उसने महामाया फ्लाईओवर पर एक स्कूटर को ओवरटेक किया, तो उसके सवारों ने कथित तौर पर उसका पीछा करना शुरू कर दिया और उससे भिड़ने की कोशिश की। सूझबूझ का परिचय देते हुए महिला नहीं रुकी और सुरक्षित जगह की ओर गाड़ी निकाल कर चली गई।" जब वह लाजपत नगर फ्लाईओवर के पास पहुंची, तो उसने रात करीब 1:30 बजे पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को फोन करके बताया कि वे लोग उसका पीछा कर रहे हैं और उसकी गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है।

## एमसीडी ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 मनाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया। इनका उद्देश्य संगठन में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना बताया गया। एमसीडी से प्राप्त जानकारी के अनुसार एमसीडी आयुक्त अश्वनी कुमार ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की और सतर्क रहने, संभावित दुरुपयोग वाले प्रक्रियाओं/क्षेत्रों की पहचान करने तथा व्यवस्था में सुधार लाने के लिए उचित तंत्र विकसित करने के महत्व पर बल दिया। एमसीडी ने अपने भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता के संकल्प को दोहराते हुए आश्वासन दिया कि वह नियमित प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से निवारक सतर्कता को और सुदृढ़ करने के प्रयास जारी रखेगा। कर्मियों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एमसीडी ने निबंध लेखन, कार्टून स्केचिंग और प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया। सप्ताह के दौरान दो महत्वपूर्ण कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इसका विषय प्रारंभिक जांच और चार्जशीट तैयार करना तथा सतर्कता प्रशासन - निवारक एवं दंडात्मक सतर्कता की भूमिका था। इन संवादात्मक सत्रों में विशेषज्ञों के विचार, अध्ययन मामलों और चर्चाओं के माध्यम से अधिकारियों को अनियमितताओं की प्रारंभिक पहचान, जांच की प्रक्रिया और चार्जशीट तैयार करने की विधि के संबंध में अपनी समझ और दक्षता बढ़ाने में सहायता मिली।


**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

**घोषणा**

**विषय : उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में वाणिज्य विषय में (विज्ञा. सं. 44/2024) असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) के पद के लिए प्रवेश-पत्र।**

उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में वाणिज्य विषय में (विज्ञा. सं. 44/2024) असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) के पदों के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि उक्त पद के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट 09.11.2025 को प्रातःकालीन सत्र में आयोजित करने का निर्णय लिया है।

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 04.11.2025 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

**टिप्पणियां :-**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने और ए-4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश-पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 30.10.2025
हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

**घोषणा**

**विषय : माध्यमिक शिक्षा विभाग, हरियाणा में शेष हरियाणा कैडर के लिए अंग्रेजी विषय में (विज्ञा. सं. 22/2024) पोस्ट ग्रेजुएट टीचर्स (पीजीटीएस) के पद के लिए प्रवेश-पत्र।**

माध्यमिक शिक्षा विभाग, हरियाणा में शेष हरियाणा कैडर के लिए अंग्रेजी विषय में (विज्ञा. सं. 22/2024) पोस्ट ग्रेजुएट टीचर्स (पीजीटीएस) के पदों के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि उक्त पद के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट 16.11.2025 को प्रातःकालीन सत्र में आयोजित करने का निर्णय लिया है।

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 11.11.2025 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

**टिप्पणियां :-**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने और ए-4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश-पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 30.10.2025
हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

संवाद-1156/13/362/2026/39938/88/7 दि. 31.10.25


## केंद्रीय गृह मंत्री ने नई दिल्ली में एकता दौड़ को दिखाई हरी झंडी

# भारत के वर्तमान मानचित्र के निर्माण में सरदार पटेल की बड़ी भूमिका रही : शाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस-2025 के अवसर पर नई दिल्ली में एकता दौड़ को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने लोगों को एकता शपथ भी दिलाई और कहा कि आजादी के आंदोलन और आजादी के बाद भारत के वर्तमान मानचित्र के निर्माण में सरदार पटेल की बहुत बड़ी भूमिका रही है। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल, डॉ. मनसुख मांडविया, दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय गृह राज्यमंत्री बंडी संजय कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अमित शाह ने कहा कि सरदार पटेल ने बैरिस्टर की प्रैक्टिस छोड़कर महात्मा गांधी के आह्वान को स्वीकार कर आजादी के आंदोलन में हिस्सा लिया। उनकी नेतृत्व क्षमता तब पता चली जब 1928 में किसानों के प्रति अन्याय के खिलाफ बारदोली सत्याग्रह हुआ। उन्होंने कहा कि इस सत्याग्रह के दौरान सरदार साहब के नेतृत्व में किसानों ने आंदोलन शुरू किया और देखते ही देखते एक छोटे से कस्बे से शुरू हुआ आंदोलन देशभर के किसानों का आंदोलन बन गया और अंग्रेजों को किसानों की बात माननी पड़ी। शाह ने कहा कि उसी आंदोलन को लेकर महात्मा गांधी ने वल्लभभाई पटेल को सरदार वल्लभभाई पटेल का उपनाम दिया और वहीं से वल्लभभाई पटेल, सरदार पटेल बने। अमित शाह ने कहा कि आजादी के बाद अंग्रेजों ने देश को 562 रियासतों में बांट दिया और सब लोग चिंतित थे कि इतनी सारी रियासतों में बंटा देश किस प्रकार अखंड भारत बन सकता है। उन्होंने कहा कि यह सरदार पटेल साहब के प्रयास, दृढ़ता और क्षमता थी कि बहुत कम समय में सभी 562 रियासतों को एकजुट कर वर्तमान भारत का मानचित्र बन सका और उसी से आज के भारत की नींव पड़ी। उन्होंने कहा कि काठियावाड़, भोपाल, जूनागढ़, जोधपुर, त्रावणकोर और हैदराबाद ने अलग-अलग प्रकार के प्रयास किए लेकिन सरदार साहब की लौह दृढ़ता ने इन सभी का समन्वय करते हुए एक अखंड भारत की रचना की।

### सिविल सेवकों की कर्मठता से ही देश की प्रगति का मार्ग होता है प्रशस्त : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** सिविल सेवक देश की प्रशासनिक मशीनरी का सशक्त इंजन हैं और देश की प्रगति की दिशा तय करने में उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर विश्वास नगर स्थित प्रशिक्षण निदेशालय (यूटीसीएस) में एक विशेष सेमिनार को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि सरकार किसी वाहन का स्टीयरिंग है, तो सिविल सेवक उसका इंजन हैं, जो उसे आगे बढ़ाते हैं। किसी भी योजना या नीति को जमीन पर उतारने का श्रेय इन्हीं अधिकारियों की निष्ठा और कर्मठता को जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल के अदम्य साहस, दूरदर्शिता और उत्कृष्ट संगठन कौशल ने स्वतंत्र भारत की एकता और अखंडता को सुदृढ़ किया।

#### जनसेवा, पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा को सर्वोपरि रखें अधिकारी : उपराज्यपाल

इस अवसर पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सरदार वल्लभभाई पटेल के भारत के एकीकरण तथा स्वतंत्र भारत की प्रशासनिक नींव के निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान को नमन किया। अपने संबोधन में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि अधिकारी जनसेवा, पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा को सर्वोपरि रखें। उपराज्यपाल ने अधिकारियों से विनम्रता, लचीलापन और जनसेवा के प्रति पूर्ण समर्पण का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल न केवल स्वतंत्र भारत के प्रमुख शिल्पकारों में से एक थे, बल्कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद के प्रारंभिक वर्षों में उन्होंने मातृवत स्नेह से राष्ट्र का पोषण किया। उन्होंने यह भी कहा कि सरदार पटेल के नेतृत्व, दृढ़ संकल्प और एक सशक्त व एकीकृत भारत की उनकी दृष्टि ने देश की प्रशासनिक और लोकतांत्रिक संरचना की नींव रखी। उपराज्यपाल ने कहा कि आज के सिविल सेवकों के सामने तकनीकी बदलाव, सामाजिक विषमताएं, पर्यावरणीय चुनौतियां और युवा भारत की बढ़ती आकांक्षाओं जैसी बहुआयामी परिस्थितियां हैं।

### दिल्ली कांग्रेस ने पटेल को बताया देश का एकीकरण करने वाला

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर शक्ति स्थल, शहीदी स्थल सहित प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा प्रदेश कांग्रेस ने पूर्व गृहमंत्री स्व सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि भारत के एकीकरण के लिए सरदार पटेल के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर यादव ने कहा कि भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें प्रदेश कांग्रेस अपनी भाव भरी श्रद्धांजलि अर्पित करती है। इंदिरा के प्रधानमंत्रित्व, परिपक्व नेतृत्व और प्रखर विचारधारा के कारण ही देश में बैंकों का राष्ट्रीयकरण, हरित क्रांति, बांग्लादेश को स्वतंत्र राष्ट्र बनाना, परमाणु परीक्षण और सिक्किम का विलय करने जैसे देशहित में कठोर निर्णय लिए गए। इंदिरा के हर निर्णय ने भारत को आत्मनिर्भर, सशक्त और एकजुट बनाने में योगदान दिया। इस अवसर पर यादव के अलावा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चौपड़ा, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की।

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25 राज्योत्सव

# छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस एवं रजत महोत्सव



माननीय प्रधानमंत्री

## श्री नरेन्द्र मोदी जी

के कर-कमलों से

**लगभग ₹14,300 करोड़**

01 नवंबर 2025

राज्योत्सव स्थल
नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़

की सड़क, ऊर्जा, उद्योग, आवास, ग्रामीण और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी विकास परियोजनाओं का

### शिलान्यास / उद्घाटन / लोकार्पण / राष्ट्र को समर्पण और शुभ गृहप्रवेश

**लोकार्पण**

शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक सह जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय
₹52 करोड़





छत्तीसगढ़ के नवीन विधानसभा भवन
₹325 करोड़

### गृह प्रवेश एवं किस्त जारी ₹1,200 करोड़

- PMAY-G के तहत बने 3.51 लाख आवासों का गृह प्रवेश एवं खुशियों की चाबी का वितरण
- 3 लाख लाभार्थियों को सहायता राशि की किस्त जारी

### शिलान्यास ₹7,459 करोड़

- जांजगीर-चांपा और राजनांदगांव में नया स्मार्ट औद्योगिक क्षेत्र
- नवा रायपुर में फार्मास्युटिकल पार्क
- बिलासपुर के ग्राम कोनी और उसलापुर में कार्यरत महिला छात्रावास
- मनेंद्रगढ़, कबीरधाम, जांजगीर-चांपा और गीदम(दंतेवाड़ा) में शासकीय मेडिकल कॉलेज भवन
- बिलासपुर में शासकीय आयुर्वेद कॉलेज एवं चिकित्सालय भवन
- 3 राष्ट्रीय राजमार्ग-130D और पत्थलगांव-कुनकुरी-छत्तीसगढ़/झारखंड सीमा तक चार लेन ग्रीनफील्डराजमार्ग के निर्माण एवं उन्नयन कार्य
- कांकेर में 220 के.वी और बलौदाबाज़ार-भाटापारा में 132 के.वी के विद्युत उपकेंद्र
- आरडीएसएस योजना के तहत विद्युत आधारभूत संरचना का विकास कार्य

### उद्घाटन ₹3,250 करोड़

- मुंगेली में 400, राजिम (गरियाबंद) और पाटन (दुर्ग) में 220, रायपुर, बेमेतरा, बिलासपुर और कोरिया में 132 के.वी. ईएचवी के कुल 7 उपकेंद्र
- बस्तर और सुकमा में 33 के.वी. उपकेंद्र
- 9 जिलों के 12 ब्लॉकों में स्टार्ट-अप ग्राम उद्यमिता कार्यक्रम
- छत्तीसगढ़ और ओडिशा खंड (489 किमी) नागपुर-झारसुगुड़ा पाइपलाइन - (GAIL)
- नया पेट्रोलियम ऑयल डिपो (HPCL)
- अंतर-क्षेत्रीय ईआर-डब्ल्यूआर इंटरकनेक्शन ट्रांसमिशन परियोजना (पावरग्रिड)

### राष्ट्र को समर्पण ₹1,979 करोड़

- विभिन्न जिलों में नई 11 के.वी. और एल.टी. लाइन, ओवरलोडेड 11 के.वी. फीडर और ट्रांसफार्मर
- कंडक्टर को AB केबल में परिवर्तित करने के कार्य
- राष्ट्रीय राजमार्ग-130C मदांगमुड़ा-देवभोग-ओडिशा सीमा तक 2-लेन पेव्ड शोल्डर सड़क निर्माण कार्य

DD NEWS कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज़ पर देखें

हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क | Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

**खबर संक्षेप**

## नशा तस्करों पर प्रहार तीन आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं की टीम ने अलग-अलग मामलों में 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर 255 ग्राम गांजा बरामद किया है।



पुलिस ने बताया कि अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने कार्रवाई करते हुए सत्यम निवासी गांव ईटाहरी जिला मुंगेर बिहार हाल राजीव कॉलोनी फरीदाबाद को 255 ग्राम गांजा सहित आसियाना फ्लैट सेक्टर-56 के पास से गिरफ्तार किया है। अपराध शाखा ने प्रहलादपुर दिल्ली को अवैध नशा उपलब्ध करवाने के मामले में गिरफ्तार किया है।

## किसान संघर्ष समिति की हुडा प्रशासक ने बुलाई मीटिंग

**फरीदाबाद।** किसान संघर्ष समिति नहरपार फरीदाबाद द्वारा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण फरीदाबाद की प्रशासक को 4 नवंबर को आंदोलन का नोटिस देने के बाद आज प्रशासक ने किसानों को मीटिंग के लिए बुलाया।



प्रशासक श्रीमती अनुपमा अंजुली के कार्यालय में किसानों के साथ मीटिंग हुई। महासचिव सत्यपाल नरवत, संयोजक लीलू चंदीला एवं संगठन करता अरुण त्यागी सम्मिलित हुए।

## फरीदाबाद पुलिस में 6 पुलिसकर्मी सेवानिवृत



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस परिवार के 6 सदस्यों का विदाई समारोह का आयोजन कार्यालय पुलिस आयुक्त सेक्टर 21 सी में किया गया। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अभिषेक जोरवाल, भलाई निरीक्षक व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस ने बताया कि पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागार में फरीदाबाद पुलिस विभाग में सेवा देने वाले इंस्पेक्टर सुरेन्द्र , महेश , विजय कव नवल किशोर, मुस्ताक अहमद व सुरेन्द्र सिंह की सेवानिवृति पर विदाई पार्टी आयोजित की गई।

# स्विंग फॉर पिंक के तहत किया स्तन कैंसर के बारे में जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

स्पोर्ट, हेल्थ और कम्युनिटी का मेल कराते हुए फोर्टिस हॉस्पीटल, मानेसर ने बर्डीज कनेक्ट के साथ स्विंग फॉर पिंक का आयोजन किया। मानेसर में आयोजित यह कार्यक्रम स्तन कैंसर का शीघ्र पता लगाने और इस बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए किया गया। जिसमें मंच से कई महिला गोल्फर, हेल्थकेयर स्पेश्यलिस्ट तथा वैलनेस एडवोकेट जुड़े। जिन्होंने एक नई सुबह को गोल्फ, स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता तथा ऑन-साइन ब्रैस्ट स्क्रीनिंग्स जैसी गतिविधियों से और भी सार्थक बना दिया।



### प्रतिभागियों को थर्मलिटिक्स का अनुभव करने का मौका मिला

इस अवसर पर डॉ. मानसी चौहान, कंसल्टैंट ओंकोप्लास्टिक ब्रेस्ट सर्जन सर्जिकल ओंकोलॉजी, फोर्टिस मानेसर ने स्तन कैंसर के बारे में जागरूकता पर केंद्रित वर्कशॉप का भी संचालन किया। इस दौरान, प्रतिभागियों को थर्मलिटिक्स का अनुभव करने का मौका मिला। वहीं महिपाल सिंह भनोत, बिजनेस हैड फोर्टिस ने कहा कि स्विंग फॉर पिंक, वास्तव में, बातचीत और स्पोर्ट के माध्यम से महिलाओं की वैलनेस के लिए उचित वातावरण और सार्थक कदम बढ़ाने वाली पहल है। जो महिलाओं को अपनी सेहत तथा नियमित स्क्रीनिंग्स को प्राथमिकता बनाने के लिए प्रेरित करेगी। डॉ. अलका सिंह, चीफ मेडिकल ऑफिसर, गुरुग्राम ने कहा कि स्तन कैंसर महिलाओं में सबसे ज्यादा डायग्नॉज होने वाला कैंसर है। इससे बचाव के लिए जागरूकता और रेग्युलर स्क्रीनिंग्स महत्वपूर्ण है। अभिजीत सिंह, फैसिलिटी डायरेक्टर, फोर्टिस हॉस्पिटल, मानेसर ने कहा कि स्विंग फॉर पिंक जैसे आयोजन महिलाओं को अपने दायरे से जुड़ने और आपस में एक-दूसरे को प्रेरित करने में भी मददगार होते हैं। स्वाति डुडेजा, संस्थापक, बर्डीज कनेक्ट ने कहा कि गोल्फ महिलाओं को उनके साझा शौक और उद्देश्य के माध्यम से आपस में नजदीक लाता है। स्विंग फॉर पिंक के साथ, हमने इसी जज्बे को ऐसे आंदोलन में बदलने की पहल की है जो महिलाओं को अपने स्वास्थ्य की जिम्मेदारी लेने और एक दूसरे को सपोर्ट करने के लिए सशक्त बना रहा है।

पूर्व केबिनेट मंत्री और बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा ने सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर किया रन फॉर यूनिटी मैराथन का शुभारंभ

# स्वच्छता, नशा-मुक्ति और राष्ट्रीय एकता पर समाज को जागरूक करना जरूरी: विधायक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

राष्ट्रीय एकता दिवस व प्रथम गृह मंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए पूर्व केबिनेट मंत्री और बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल ने छोटे-छोटे रजवाड़ों को एक झंडे के नीचे संगठित कर एक भारत श्रेष्ठ भारत बनाने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनके आदर्श, जीवन मूल्य और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान से हर नागरिक विशेषकर युवाओं को प्रेरणा लेकर देशहित में कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति और राष्ट्रीय एकता जैसे विषयों पर समाज को जागरूक करना हम सबकी जिम्मेदारी है। व्यक्तित्व, धन और शक्ति से अधिक महत्वपूर्ण है ज्ञान, संस्कार तथा राष्ट्र के प्रति समर्पण और यह प्रेरणा महान व्यक्तित्वों की जीवन यात्रा से प्राप्त होती है। जिला स्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया। इस मौके पर भाजपा फरीदाबाद जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल तथा भाजपा बल्लभगढ़ अध्यक्ष सोहन पाल छोकर भी उपस्थित रहे। इसके पश्चात सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संकल्प दिलाया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ ही बड़खल, बल्लभगढ़ एवं पृथला विधानसभा क्षेत्रों में भी उपमंडल स्तर पर इसी प्रकार के मैराथन कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता रही।

▶▶ जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ ही बड़खल, बल्लभगढ़ एवं पृथला विधानसभा क्षेत्रों में भी उपमंडल स्तर पर इसी प्रकार के मैराथन कार्यक्रम आयोजित किए



### रियासतों को एकजुट करने में सरदार पटेल की भूमिका

बल्लभगढ़ के विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में 31 अक्टूबर से 26 नवंबर तक राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर एकता, स्वच्छता, नशा-मुक्ति और जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी श्रंखला में बल्लभगढ़ में रन फॉर यूनिटी मैराथन का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं, खेल प्रतिभाओं, सामाजिक संगठनों, प्रशासनिक अधिकारियों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रन फॉर यूनिटी मैराथन सेक्टर-12 खेल परिसर से आरंभ हुई और सेक्टर-15 मार्ग से होते हुए लेबर कोर्ट तक पहुंची। इसके उपरांत वापस लौटते हुए यह दौड़ पुनः सेक्टर-12 खेल परिसर पर उत्साहपूर्वक संपन्न हुई। सब डिविजन लेवल पर गौंछी पुलिस स्टेशन से आयोजित रन फॉर यूनिटी मैराथन को एनआईटी विधायक सतीश फागना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लौह पुरुष की अमिट छाप को कभी भुलाया नहीं जा सकता एनआईटी विधायक सतीश फागना ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल देश के पहले गृहमंत्री बनें थे। जिन्होंने देश की सभी रियासतों को एक झंडे के नीचे संगठित किया। उनकी इस अमिट छाप को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। वे हमेशा-हमेशा के लिए देश की एकताअखंडता के प्रेरणा स्रोत बनें रहेंगे। बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आयोजित रन फॉर यूनिटी मैराथन का भाजपा नेता टिपरचंद ने शुभारंभ किया। रन फॉर यूनिटी मैराथन का आयोजन बल्लभगढ़ उपमंडल में किया गया, जो एसडीएम कार्यालय से प्रारंभ होकर आंबेडकर चौक, राजकीय विद्यालय और पंचायत भवन होते हुए पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर संपन्न हुई।

### रन फॉर यूनिटी मैराथन का भव्य आयोजन हुआ

बड़खल विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिटी॰ मैराथन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम बड़खल तथा नगर निगम पार्षदों द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थियों, युवाओं, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मैराथन बीके चौक से प्रारंभ होकर एनआईटी-5 मार्ग से होते हुए चिमनीबाई धर्मशाला तक उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता एवं सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को याद करते हुए राष्ट्रीय एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रहा। इस अवसर पर उपायुक्त विक्रम सिंह, पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता, एडीसी सतबीर मान, बड़खल एसडीएम त्रिलोक चंद, एसडीएम फरीदाबाद अमित कुमार, एसडीएम मयंक भारद्वाज, मीडिया समन्वयक मुकेश वशिष्ठ, निगम पार्षद सतीश चंदीला, कर्मवीर बैंसला, जगत फागना, गजेन्द्र भड़ाना, विरेन्द्र भड़ाना, हरिंदर भड़ाना, हरि किशन गिरोटी तथा तीनों मंडलों के अध्यक्ष अमित आहूजा, मनप्रीत सिंह, नंद किशोर सहित अन्य कई अधिकारीगण और गणमान्य व्यक्तिगण मौजूद रहे।

# धर्मेंद्र कौशिक बने मीडिया काउंसिल ऑफ़ जर्नलिस्ट्स के गुरुग्राम जिला अध्यक्ष, उमेश गर्ग प्रदेश कोषाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

मीडिया काउंसिल ऑफ़ जर्नलिस्ट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय राठी के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज गोयल की उपस्थिति में, प्रदेश अध्यक्ष कासिम खान ने गुरुग्राम के वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र कौशिक को गुरुग्राम जिला अध्यक्ष तथा वरिष्ठ संपादक उमेश गर्ग को प्रदेश कोषाध्यक्ष नियुक्त किया।

यह घोषणा जीआईए हाउस, गुरुग्राम में आयोजित बैठक के दौरान की गई। बैठक में गुरुग्राम के वरिष्ठ पत्रकार आर एस चौहान एवं उनकी टीम ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया। इससे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कासिम खान एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज गोयल का भी स्थानीय टीम ने स्वागत किया। बैठक में सर्वसम्मति से धर्मेंद्र कौशिक को अति शीघ्र जिला कार्यकारिणी गठित करने का अधिकार प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष कासिम खान ने विश्वास जताया कि धर्मेंद्र कौशिक संगठन के निर्देशानुसार सक्रिय भूमिका निभाएंगे तथा शीघ्र ही जिला कार्यकारिणी की घोषणा करेंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि आगामी 16 नवंबर को प्रेस दिवस पर गुरुग्राम में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी जिला अध्यक्ष को सौंपी गई है। राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज गोयल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी नियुक्तियों से संगठन को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि धर्मेंद्र कौशिक के नेतृत्व में गुरुग्राम जिले के पत्रकारों की समस्याओं को विशेषकर पत्रकार हाउसिंग योजना को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद हसन, पुत्र: हफीज, निवासी: 32/355, त्रिलोक पुरी, दिल्ली** ने **FIR No.: 31954/2020, U/s: 379/411 IPC, पुलिस थाना दरियागंज, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद हसन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद हसन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना दरियागंज, दिल्ली** के अभियुक्त **मोहम्मद हसन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 12.01.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**डॉ राज कुमार सिंह**
एलडी. जेएमएफसी–05, केंद्रीय डिस्ट्रिक्ट, कमरा नंबर 241,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
**DP/14306/CD/2025**

## जिलाधिकारी ने देश की एकता एवं अखण्डता के लिए शपथ दिलाई

# लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस राष्ट्रीय अखण्डता दिवस के रूप में मनाया



**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस शुक्रवार को राष्ट्रीय अखंडता दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को याद करते हुए देश की एकता और अखंडता हेतु शपथ दिलाई। मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करनें के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ। जिलाधिकारी एडीएम एल/ए विवेक मिश्र, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय, आईएएस अयान जैन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

नगर निगम के सभी विभागीय अधिकारी मौके पर उपस्थित हुए

# लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर शहर में हुआ भव्य पदयात्रा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर शहर में अनेकों कार्यक्रम आयोजित हुए, जिसमें कई यात्राएं भी आयोजित हुई, इसी क्रम में मोहन नगर जोन अंतर्गत मोहन नगर से शहीद स्थल तक पदयात्रा का आयोजन भी किया गया जिसमें जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासन, निगम के अधिकारी व टीम उपस्थित रही, पदयात्रा को सफल बनाने में गाजियाबाद नगर निगम टीम के सभी विभागीय अधिकारी भी मौके पर उपस्थित हुए जिनके द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल जी के पार्क की सफाई से लेकर शहीद स्थल तक रूट पर सफाई व्यवस्था के साथ-साथ अपनी छिड़काव का कार्य भी कराया गया तथा पदयात्रा में शामिल होने वाले प्रतिभागियों के लिए व्यवस्था कराई गई। नगर आयुक्त ने बताया गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आंतरिक वार्डों में भी सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित हुए जिनमें साफ सफाई के कार्य के अलावा पेयजल की व्यवस्था तथा फूल मालाओं से सजावट की व्यवस्था भी गाजियाबाद नगर निगम द्वारा कराई गई सभी जोनल प्रभारी अपने-अपने जोन में व्यवस्था में बने रहे, मोहन नगर से शहीद स्थल तक



निकलने वाली पदयात्रा में भी बृहद अभियान के रूप में पार्कों तथा निर्धारित रूट पर कर कराया गया,आयोजित पदयात्रा में गाजियाबाद नगर निगम कि माननीय पार्षद तथा अधिकारी भी उपस्थित रहे। भारत की एकता और अखंडता की प्रतीक आधुनिक भारत के शिल्पकार महान स्वतंत्रता सेनानी व भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150 सी जयंती पर उनकी प्रतिमा को माल्यार्पण किया गया, पदयात्रा में माननीय सांसद तथा विधायकों ने भी प्रतिभाग किया उत्साह पूर्वक तिरंगा झंडा लहराते हुए यात्रा प्रारंभ की गई तथा निर्धारित समय और रूट के क्रम में सफलतापूर्वक यात्रा को संपन्न किया गया गाजियाबाद नगर निगम की टीम व्यवस्था में डटी रही, मॉनिटरिंग में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार तथा डॉक्टर मिथिलेश नगर स्वास्थ्य अधिकारी, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद रहे।

कांग्रेसी नेताओं ने श्रद्धापूर्वक पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि व सरदार पटेल का जन्मदिवस

# त्याग व बलिदानों से भरा रहा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी का जीवन: बलजीत कौशिक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं देश के पहले पूर्व गृहमंत्री स्व. सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कांग्रेस कार्यालय सेक्टर-10 पर मनाई गई।

इस दौरान जिला अध्यक्ष बलजीत कौशिक सहित अन्य कांग्रेसजनों ने इंदिरा गांधी के चित्र तथा वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित की। इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कहा कि इंदिरा गांधी का पूरा जीवन देश के लिए त्याग व बलिदानों से भरा है।

अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष करते हुए देश की आजादी के लिए कई जेल यात्राएं की। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष व 17 वर्ष तक देश की प्रधानमंत्री रहकर उन्होंने देश की सेवा में अभूतपूर्व कार्य किए तथा वे रिकार्ड तोड़ चार बार देश की प्रधानमंत्री बनी।

गरीबी हटाओ का नारा देकर उन्होंने देश में गरीबी उखाड़ने के लिए काम किया। प्रिवीपर्स समाप्त करके, बैंकों का राष्ट्रीयकरण व हरित क्रांति की शुरूआत करके उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था व सामाजिक व्यवस्था में व्यापक बदलाव किए।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक गुप्ता प्रोपराइटर मैसर्स आर.जे. कम्युनिकेशन, पता ए-63, संडे मार्केट, चंदर विहार, निलोठी एक्सटेंशन, दिल्ली** दूसरा पता **ए-65, संडे मार्केट, चंदर विहार, निलोठी एक्सटेंशन, दिल्ली** ने **केस रजि. नं.1538/17 धारा 138 एनआई एक्ट, थाना केशव पुरम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक गुप्ता** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक गुप्ता** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि केस रजि. नं.1538/17 धारा 138 एनआई एक्ट, थाना केशव पुरम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दीपक गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **03.02.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री दिव्या अरोड़ा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-04, उत्तर-पश्चिम**
**कमरा नं.112, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली**
**DP/14329/NW/2025**

## मीडिया सलाहकार के पीए रविंद्र सिंह को राजपत्रित अधिकारी पदोन्नत

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली के निजी सहायक रविंद्र सिंह की लंबे समय से



चली आ रही मेहनत, राजपत्रित अधिकारी पद पर पदोन्नत किया है। रविंद्र मूल रूप से फरीदाबाद के गांव जसाना के निवासी हैं। वे मुख्यमंत्री हरियाणा के मीडिया सेल, हरियाणा भवन नई दिल्ली में पिछले करीब 18 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज सोनीपत | गांव शहजादपुर में बाल्मिकी चौपाल में विकास कार्य + 4 कार्य। | 30.10.2025 10.11.2025 | 16.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9268376188 brijmohansdo@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | गांव इसराना, जिला पानीपत में राजकीय महाविद्यालय का निर्माण (एयर कंडीशनिंग का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 31.10.2025 06.11.2025 | 63.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-kamal@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज कैथल | उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण (गांव - दुसेरपुर) + 5 कार्य। | 30.10.2025 07.11.2025 | 191.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 4 | महिला एवं बाल विकास, अम्बाला | अम्बाला जिले में आईसीडीएस के तहत अपेक्षित एडब्ल्यूसीएस को एसएनपी की आपूर्ति का अधिप्राप्ति परिवहन कार्य। | 28.10.2025 10.11.2025 | ईएमडी 25000 | https://etenders.hry.nic.in | 8950170625 POAMB.WCD2@GMAIL.COM |
| 5 | नागरिक उड्डयन विभाग हरियाणा, चण्डीगढ़ | 01.01.2026 से 31.12.2026 तक किंग एयर बी200जीटी, वीटी-एचसीए (रॉकवेल कॉलिंग्स प्रो लाइन फ्यूजन डिजिटल एवीयोनिक्स सुइट, फेज-3 अपग्रेड सहित सुसज्जित) एयरक्राफ्ट के व्यापक बीमा का नवीनीकरण। | 28.10.2025 17.11.2025 | | https://etenders.hry.nic.in | 1722709386 cavation@hry.nic.in |
| 6 | सिविल सर्जन नारनौल | महेन्द्रगढ़ जिले में जिला नागरिक हस्पताल नारनौल में ऑर्थो इम्प्लांट के लिए ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 30.10.2025 17.11.2025 | 20000 | https://etenders.hry.nic.in | 9802479177 dhs.csmhn@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक पंचायत सह प्रबंध निदेशक एचआरडीएफ बोर्ड, हरियाणा, चण्डीगढ़ | एक वर्ष की अवधि के लिए हरियाणा पंचायत भवन, सेक्टर-28ए, चण्डीगढ़ में सिक्योरिटी गार्ड स्टाफ, गार्डनिंग, पेस्ट कंट्रोल, जल आपूर्ति, वैद्युत सेवाओं और अग्निशमन समेत हाउसकीपिंग सेवाओं का प्रावधान। | 31.10.2025 14.11.2025 | 3 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9899419812 hrdfboard@rediffmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in**
पीआरडीएच-11/2026/140/39943/I/88/7 दि. 31.10.25

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए )**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विशाल कुमार पुत्र जय बाबू महतो निवासी झुग्गी नं. ए–207, चुन्ना भट्टी, कीर्ति नगर, वेस्ट दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 106/2023 अन्तर्गत धारा 325/326/34 आईपीसी थाना कीर्ति नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विशाल कुमार** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विशाल कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 106/2023 अन्तर्गत धारा 325/326/34 आईपीसी थाना कीर्ति नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विशाल कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.12.2025** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**वसुन्धरा आजाद**
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, पश्चिम जिला
कमरा नं. 146, प्रथम तल
तीस हजारी न्यायालय, नई दिल्ली
**DP/14577/WD/2025**
**(Court Matter)**

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
अनंत संभावनाएं
उद्योग एवं रोज़गार वर्ष 2025

# डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश

# 70वां स्थापना दिवस समारोह शुभारंभ



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

अध्यक्षता

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

मुख्य अतिथि

**किंजरापु राममोहन नायडू**
केन्द्रीय मंत्री, नागर विमानन मंत्रालय

**अर्जुन राम मेघवाल**
केन्द्रीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), विधि एवं न्याय मंत्रालय

## कार्यक्रम

| 1 नवम्बर 2025 | 2 नवम्बर 2025 | 3 नवम्बर 2025 |
|---|---|---|
| **ड्रोन शो** विरासत से विकास | **सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य** | **सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य** |
| **विश्ववन्द** भगवान श्रीकृष्ण की सांगीतिक यात्रा | **सुगम संगीत** सुप्रतिष्ठित कलाकार हंसराज रघुवंशी एवं साथी | **सुगम संगीत** सुप्रतिष्ठित कलाकार स्नेहा शंकर एवं साथी |
| **सुगम संगीत** सुप्रतिष्ठित कलाकार जुबिन नौटियाल एवं साथी | | |
| **आतिशबाजी** | **जनजातीय लोकनृत्य** अपराह्न 3:00 बजे से | **जनजातीय लोकनृत्य** अपराह्न 3:00 बजे से |

- **शिल्प मेला**
- **संस्कृति, कला, सभ्यता और विकास पर आधारित प्रदर्शनियां**
- **देशज व्यंजन मेला 'स्वाद'**

प्रतिदिन सायं 6:30 बजे से । लाल परेड ग्राउंड, भोपाल



**मध्यप्रदेश की स्थापना के 70वें वर्ष पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं**

"विकास की नई ऊंचाइयां छूते हुए जन-जन की खुशहाली हमारा संकल्प है।"
- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



D-11130/25

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents
@CMmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@CMmadhyapradesh @JansamparkMP
JansamparkMP

## चिंतन

# आतंकवाद से निपटने को एकजुट हो दुनिया

भारत हमेशा से ही मानता रहा है कि आतंकवाद न केवल पूरी दुनिया बल्कि मानव सभ्यता के लिए घातक है, लेकिन अनेक देश तेरा आतंकवाद, मेरा आतंकवाद की सोच को लेकर इसके पोषण में लगे रहे। यही कारण रहा है कि आतंकी संगठन इतने मजबूत हो गए कि अनेक देशों का राजतंत्र ही उनके हाथों में चला गया। ऐसा ही एक आतंकी संगठन है अलकायदा। ये आतंकी संगठन अब अफ्रीका महाद्वीप में स्थित माली पर कब्जे के करीब पहुंच गया है। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि कुछ ही दिनों में माली की सत्ता अलकायदा के हाथों में होगी। यह देश लंबे समय से आतंकी हिंसा और नाकेबंदी का सामना कर रहा है। माली में नागरिक सरकार के पतन के बाद विद्रोहियों ने रूस और चीन की मदद से सरकार चलाने की कोशिशें की थी, लेकिन वो नाकाम रहे। इस बीच अलकायदा के आतंकवादियों ने मौका देखकर राजधानी बमाको को घेर लिया। उन्होंने राजधानी में ईंधन की सप्लाई रोक दी है। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि जल्द ही बमाको पर अलकायदा कब्जा कर लेगा। इसी के साथ पूरा माली उनके नियंत्रण में होगा। दर्जनों देशों अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया ने अपने नागरिकों को तुरंत माली छोड़ने को कहा है। पश्चिम अफ्रीका में स्थित माली चारों ओर से जमीन से घिरा देश है जिसकी सीमाएं अल्जीरिया, नाइजर, बुर्किना फ़ासो, कोट डी आइवर, गिनी, सेनेगल और मॉरिटानिया से लगती हैं। अल-कायदा से जुड़े एक आतंकवादी समूह, जमात नुसरत अल-इस्लाम वाल-मुस्लिमीन ने सितंबर में ईंधन नाकेबंदी की घोषणा की थी। इसके बाद से ही माली एक अभूतपूर्व संकट की चपेट में है। किसी भी समय अलकायदा इस पर कब्जे का ऐलान करने वाला है। अलकायदा 1988 में ओसामा बिन लादेन और उसके सहयोगी मोहम्मद अतेफ द्वारा सोवियत आक्रमण के खिलाफ अफगानिस्तान में लड़ने वाले अरबों को एक साथ लाने के लिए बनाया गया था। यह वैश्विक नेटवर्क के लिए एक केंद्र बिंदु के रूप में कार्य करता है। इसके 60 से अधिक देशों में आतंकवादी सेल शामिल हैं। अलकायदा ने अफगानिस्तान, पाकिस्तान और संयुक्त राज्य अमेरिका विशेष रूप से ब्रुकलिन में अलकिफा शरणार्थी केंद्र सहित दुनिया के विभिन्न हिस्सों में कार्यालय बना रखे बताए जा रहे हैं। पश्चिम के प्रभाव के खिलाफ इस्लामिकता को जोर देने वाले इस संगठन की वैश्विक पहुंच है। अल्जीरिया, मिस्र, मोरक्को, तुर्की, जॉर्डन, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, सीरिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, मलेशिया, म्यांमार, इंडोनेशिया, फिलीपींस का मिंडानाओ, लेबनान, इराक, सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन, यमन, लीबिया, ट्यूनीशिया, बोस्निया, कोसोवो, चेचन्या, दागिस्तान, सूडान, सोमालिया, केन्या, तंजानिया, अजरबैजान, इरिट्रिया, युगांडा, इथियोपिया, इसके सेल बताए जा रहे हैं। हाल की रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि अलकायदा ने रासायनिक और जैविक युद्ध के प्रयोग भी शुरू कर दिए हैं। वो अलग-अलग देशों में अपने कैंप में ऐसे प्रयोगों को कर रहा है, जो पूरी दुनिया के लिए घातक होंगे। इन्हें रोकने के लिए जरूरी है कि पूरी विश्व बिरादरी एकजुट होकर आतंकवाद का विरोध करे और इन संगठनों को खत्म करने के लिए एकजुट हो। नहीं तो वो दिन दूर नहीं, जब ये संगठन दुनियाभर में तबाही का कारण बनेंगे।



विचार
रामविचार नेताम

# धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा

इतिहास के पन्नों में बिरसा मुंडा का नाम भले ही 25 वर्ष की छोटी आयु में समाप्त हो गया हो, परंतु लोक जीवन में वे आज भी जीवित हैं। गीतों में, स्मारकों में, कथाओं में और आदिवासी चेतना के हर नारे में। "धरती आबा" यानी धरती का पिता। यह संबोधन केवल सम्मान नहीं बल्कि, उस भाव विश्व का प्रतीक है, जिसमें भूमि, जल, जंगल, समाज और ईश्वर सभी एक ही जीवनचक्र के अविभाज्य अंग हैं। बिरसा मुंडा लोक स्मृति में किसी देवता की तरह प्रतिष्ठित हुए हैं। वे लोकगीतों में "धरती के रक्षक" ''अंधकार में प्रकाश" और "अपनों की अस्मिता के रखवाले" के रूप में गाए जाते हैं। उनकी यह छवि इतिहास से अधिक जन विश्वास में जीवित है, क्योंकि इतिहास उनके संघर्ष को सीमित रूप में लिखता है, लेकिन लोकगीत उसे आत्मा से जीता है। झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा और बिहार के जनपदों में बिरसा मुंडा से जुड़ी कई लोककथाएं और लोकगीत आज भी प्रचलित हैं। इनमें उन्हें ईश्वर समान लोकदेव के रूप में स्मरण किया जाता है। एक प्रचलित मुंडारी गीत प्रस्तुत है-

**"धरती आबा बिरसा रे,**
**जंगल-पानी के रखवाला रे।**
**हुलगुलान में जनम लइला,**
**दिकू राज के तोड़ डाला रे।"**

यह गीत उनके विद्रोह को एक पवित्र कर्म के रूप में प्रस्तुत करता है। यहां "दिकू" शब्द बाहरी शोषक के लिए है और "हुलगुलान" (उलगुलान) सामाजिक-आर्थिक अन्याय के विरुद्ध जनक्रांति का प्रतीक बन जाता है। आदिवासी महिलाओं के गीतों में बिरसा "भाई", "पति", या "धरती के लाल" के रूप में पुकारे जाते हैं। कई गीतों में उनकी गिरफ्तारी और मृत्यु का करुण चित्र मिलता है -

**"रांची जेल में बिरसा सोवेला,**
**ओ धरती आबा उठ जा रे,**
**हमर खेत, हमर जंगल पुकारत हवे।"**

इन गीतों में ऐतिहासिक दुःख लोक-शोक में बदल जाता है। वे केवल बिरसा की मृत्यु नहीं गाते, बल्कि उस भूगोल का विलाप करते हैं, जहां जंगल और आदमी दोनों कैद हो गए। लोक कथाओं में कहा जाता है कि बिरसा जब पहाड़ों में प्रवचन देते थे, तो पेड़-पौधे झुक जाते थे, हवा थम जाती थी और पक्षी उनका नाम जपते थे। कई जनश्रुतियों के अनुसार- मृत्यु के बाद वे "धरती में विलीन" नहीं हुए, बल्कि "धरती में समा गए" यही कारण है कि लोग उन्हें "धरती आबा" कहते हैं। इन जनश्रुतियों में इतिहास मिथक का रूप लेता है और मिथक लोक आस्था का। इस प्रकार बिरसा का व्यक्तित्व इतिहास और धर्म के बीच पुल बन जाता है। एक ऐसा लोक ईश्वर, जो न्याय और अस्मिता दोनों का प्रतीक है। 19वीं सदी के अंतिम दशकों में छोटा नागपुर का भू-सामाजिक ढांचा तेजी से बदल रहा था। अंग्रेजी शासन ने परंपरागत "खूंटकट्टी" भूमि-प्रणाली को तोड़ा और भूमिहीनता फैली। 'दिकू' (बाहरी व्यापारी, महाजन, जमींदार) आदिवासी भूमि पर कब्जा करने लगे। यही वह पृष्ठभूमि थी, जहां बिरसा के नेतृत्व में स्वराज समान चेतना जन्मी। 1895-97 बिरसा ने धार्मिक सुधार आंदोलन शुरू किया, जिसमें शराबबंदी, पशुबलि का विरोध और शुद्ध आचरण का प्रचार। 1897-98 में उन्होंने सामाजिक संगठन को राजनीतिक स्वर दिया। "अबुआ



राज" (अपना राज) की घोषणा हुई। 1899-1900 में उलगुलान अपने चरम पर पहुंचा। सैकड़ों गांवों ने भाग लिया। ब्रिटिश थानों और गिरजाघरों पर हमले हुए। इस चरण में बिरसा के अनुयायी 'बिरसाइत' कहलाए। वे किसी बाहरी शासन को अस्वीकार करते हुए 'धरती के अपने कानून' को सर्वोपरि मानते थे। ब्रिटिश सरकार ने आंदोलन को कुचलने के लिए विशेष सैन्य बल भेजा। सैकड़ों गांव जलाए गए, सैकड़ों लोग मारे गए। मार्च 1900 में बिरसा को जमकोपाई जंगल से गिरफ्तार किया गया और रांची जेल में डाल दिया गया।

09 जून 1900 को उनकी मृत्यु हो गई। केवल 25 वर्ष की आयु में। परंतु इस "पराजय" ने भी आंदोलन को अमर बना दिया। उनकी शहादत ने आदिवासी आत्म-गौरव को वह स्वर दिया जो आगे चलकर स्वतंत्रता आंदोलन में गूंज उठा। बिरसा के आंदोलन ने जो शब्दावली रची वह आज भी आदिवासी राजनीतिक और सांस्कृतिक आंदोलनों की आत्मा है। "अबुआ राज एते जना, महारानी राज तुन्दु जना" (अब हमारा राज होगा, रानी का नहीं)। "जंगल, जल, जमीन" यह तीन शब्द आज भी भारत के आदिवासी आंदोलनों की रीढ़ हैं। लोकगीतों में बिरसा को "धरती का कानून" कहा जाता है अर्थात वह न्याय जो किसी शासन से नहीं बल्कि प्रकृति और समाज से जन्म लेता है। इस नजरिए से उलगुलान केवल विद्रोह नहीं था, बल्कि एक "लोकन्याय दर्शन" था, जिसमें जीवन और प्रकृति की एकता सर्वोपरि थी। बिरसा मुंडा ने धर्म और संस्कृति को प्रतिरोध का आधार बनाया। उन्होंने कहा "ईश्वर एक है और वह धरती में बसता है।" उनकी इस धारणा ने मुंडा समाज में एक नई धार्मिक धारा को जन्म दिया। बिरसाइत पंथ जो आज भी झारखंड और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में जीवित है। इस पंथ की विशेषताएं हैं -


एकेश्वरवाद- जो सत्य, संयम, श्रम और सामुदायिक जीवन का आदर्श है। बाहरी धार्मिक हस्तक्षेप का विरोध, समाज में समानता और नारी-सम्मान। इस पंथ ने आदिवासी समाज को आत्म परिचय का भाव दिया, और " ईसाई या हिंदू " होने के दबाव से मुक्त किया। भारतीय साहित्य, विशेषकर हिंदी, उर्दू और आदिवासी भाषाओं में बिरसा मुंडा एक प्रतीक बन चुके हैं। महाश्वेता देवी के उपन्यास "अरन्योर अधिकार" में बिरसा का जीवन-संघर्ष महाकाव्य रूप में उभरता है। रामदयाल मुंडा, जयपाल सिंह मुंडा, और नंदलाल पुरोहित जैसे रचनाकारों ने उनके जीवन को लोकगाथा और आधुनिक इतिहास के बीच सेतु बनाया। छत्तीसगढ़ी, मुंडारी, नागपुरी भाषा में बिरसा पर अनेक गीत और नाट्य रूपांतरण हुए हैं। इन रचनाओं में बिरसा केवल एक नेता नहीं बल्कि लोकनायक हैं जो धरती के अधिकारों के लिए लड़े और स्वयं धरती का प्रतीक बन गए। आज भारत में जब हम "जनजातीय गौरव दिवस" (15 नवम्बर) मनाते हैं तो यह केवल एक स्मृति दिवस नहीं है। यह लोक समानता की पुकार है। बिरसा का दर्शन हमें बताता है कि विकास का अर्थ जंगल काटना नहीं, बल्कि जंगल के साथ जीना है। उनका संघर्ष हमें यह भी सिखाता है कि संस्कृति का सम्मान किए बिना कोई भी आधुनिकता टिकाऊ नहीं हो सकती। उनकी विचारधारा आज भी भारत के कई आदिवासी आंदोलनों में गूंजती है। जैसे- नर्मदा बचाओ आंदोलन, झारखंड राज्य आंदोलन, डोंगरिया कोंधों का वनाधिकार संघर्ष, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में जल, जंगल, जमीन के अधिकार हेतु जन आंदोलन। इन सबके पीछे बिरसा की दी हुई चेतना आज भी सक्रिय है । एक मौन किंतु जीवंत प्रेरणा के रूप में। मैं उनके लोकगीतों का स्मरण करते हुए यही कहना चाहूंगा कि धरती आबा बिरसा, तोरे नाम से उजियार,

तोरे लहू से जनम लइला, हमर आत्म-अभिमान संसार।

लेखक- मंत्री, आदिम जाति विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग, मछलीपालन, पशुधन विकास छ.ग. शासन, नवा रायपुर (छ.ग.)।


गीतों में, स्मारकों में, कथाओं में और आदिवासी चेतना के हर नारे में। "धरती आबा" यानी धरती का पिता। यह संबोधन केवल सम्मान नहीं बल्कि, उस भाव विश्व का प्रतीक है, जिसमें भूमि, जल, जंगल, समाज और ईश्वर सभी एक ही जीवनचक्र के अविभाज्य अंग हैं। बिरसा मुंडा लोक स्मृति में किसी देवता की तरह प्रतिष्ठित हुए हैं। वे लोकगीतों में "धरती के रक्षक" ''अंधकार में प्रकाश" और "अपनों की अस्मिता के रखवाले" के रूप में गाए जाते हैं। उनकी यह छवि इतिहास से अधिक जन विश्वास में जीवित है, क्योंकि इतिहास उनके संघर्ष को सीमित रूप में लिखता है, लेकिन लोकगीत उसे आत्मा से जीता है।

## सारा संसार



लोहागढ़ किला समुद्र तल से 3400 फीट की ऊंचाई पर स्थित यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल और महाराष्ट्र की प्रमुख ऐतिहासिक धरोहर में से एक है। महाराष्ट्र का यह प्रसिद्ध किला पुणे से लगभग 52 किलोमीटर और लोनावाला हिल स्टेशन से लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं। महाराष्ट्र के प्रमुख किले में में से एक लोहागढ़ का किला 18 वीं शताब्दी का किला हैं जोकि ऐतिहासिक महत्व के साथ साथ अलग-अलग समय में कई राजवंशों के लिए शक्ति का प्रमुख केंद्र रहा है। लोहागढ़ किला अपने आप में एक विशाल संरचना है जो कभी शक्तिशाली मराठा साम्राज्य के नियंत्रण में था। माना जाता हैं कि यह वही किला हैं जिसमे छत्रपति शिवाजी महाराज अपना खजाना रखते थे।


## योगः कर्मसु कौशलम



संकलित
दर्शन

चित्तवृत्ति का भगवान में विलीन हो जाना योग है। यह महायोग बनता है भगवान की अहैतुकी कृपा से! श्रीरामचरितमानस में जहां भी योग है, वह केवल ईश्वर विषयक ही है। उसका सात्विक प्रयोजन और कोई नहीं है। श्री भरत चित्रकूट में भगवान के हृदय से मिलकर शून्य स्थिति को प्राप्त हो गए। न बुद्धि की सत्ता रही, न मन की चंचलता। चित्त में कोई संस्कार शेष न रहा। यही स्थिति योगी की होती है। वह योग करते-करते ईश्वर से एकाकार होकर प्रेम रस से भर जाता है। उसकी वाणी अवरुद्ध हो जाती है और मन रिक्त हो जाता है। भक्त का योग जब भगवान से होता है, मन, बुद्धि और चित्त के साथ साधन अहं शून्य हो जाता है। मन, बुद्धि, चित्त और अहं की स्वीकृति केवल साधन काल में ही होती है, पर साध्य की परम प्राप्ति में इनकी विस्मृति ही योग है। श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्याय योग हैं। अर्जुन विषाद योग से प्रारंभ होकर गीता की 18 योगों की नदियां मोक्ष संन्यास योग बनकर श्रीकृष्ण समुद्र में जाकर पूर्णता को प्राप्त हो जाती हैं। द्वापर में जितना भार श्रीकृष्ण ने उठाया, उतना त्रेता में श्रीराम को नहीं उठाना पढ़ा, क्योंकि श्रीराम के साथ के लोग अनुकूल थे। उनका काल उनके अनुकूल था, जबकि भगवान कृष्ण को तो सारी गीता सुना-समझाकर, अपनी योगस्थिति को बाजी पर लगाकर अर्जुन से कहना पड़ा कि जितने धर्म मैंने तुझे बताए हैं, तू उन सबको छोड़कर मेरी शरण में आ जा, मैं तुझे सारे पापों से मुक्त कर तुझे भी मुक्त कर दूंगा।

## तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गयी और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता थाः राम राम! श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। फिर उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद पवाया, जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितो ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा वह उपाय कहिये? इसपर ब्राह्मणों ने कहाः यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहाँ शर्त रखी गयी थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहाः हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिये। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया। इस चमत्कार को देखकर सभी श्री रामचंद्र जी की एवं रामनाम की जय जयकार करने लगे और श्रीतुलसीदास जी की नामनिष्ठा पर बलिहार हो गए।

## युवा शक्ति के 25 स्वर्णिम वर्ष

बृजमोहन अग्रवाल




# छत्तीसगढ़ की रजत जयंती 'एक गौरवगाथा'

छत्तीसगढ़ अब अपने स्थापना के 25 वर्ष पूरे करने जा रहा है। एक युवा राज्य, जो अपनी संस्कृति, संसाधन और संघर्ष की शक्ति के बल पर नए भारत के विकास का प्रतीक बन चुका है। यह अवसर केवल उत्सव का नहीं, बल्कि उन सपनों को याद करने का भी है, जिनके बीज भारत रत्न श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने बोए थे। उनकी दूरदृष्टि और आत्मविश्वास ने इस धरती को उसकी अपनी पहचान दी, 'छत्तीसगढ़ राज्य' के रूप में।

पौने तीन दशक की यह यात्रा किसी साधारण प्रदेश की कहानी नहीं है। यह उस मिट्टी का गौरवगान है जिसने अपने परिश्रम, अपने विश्वास और अपनी अस्मिता से असंभव को संभव किया। आज जब हम रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं, तो यह गर्व से कह सकते हैं कि छत्तीसगढ़ केवल 25 वर्ष का राज्य नहीं, बल्कि 25 वर्षों का अनुभव, ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरा हुआ युवा प्रदेश है, जिसकी आंखों में नए भारत का उज्जवल सपना झिलमिला रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में जिस दृढ़ संकल्प से इस प्रदेश ने लाल आतंक पर निर्णायक प्रहार किया है, वह अपने आप में इतिहास बन गया है। कभी भय और असुरक्षा से जूझता यह प्रदेश आज विकास के सूरज से आलोकित है। आत्मनिर्भरता, सुशासन और सुरक्षा, इन तीन स्तंभों पर अब नया छत्तीसगढ़ मजबूती से खड़ा है। 1 नवंबर को जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी रजत जयंती समारोह में सम्मिलित होंगे, तो यह उन सभी स्वप्नदृष्टाओं के प्रति श्रद्धांजलि होगी जिन्होंने छत्तीसगढ़ को उसकी अस्मिता दी। वहीं 5 नवंबर को रायपुर के आसमान में भारतीय वायुसेना की 'सूर्य किरण एरोबेटिक टीम' का भव्य हवाई प्रदर्शन इस उत्सव को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। यह केवल आकाश में रंगों की परतें नहीं होंगी, बल्कि एक संदेश होगा कि छत्तीसगढ़ अब खुले आसमान में आत्मविश्वास के साथ उड़ान भरने को तैयार है।इस रजत जयंती पर, एक जनप्रतिनिधि के रूप में मैं यह प्रण करता हूं कि यह यात्रा अब स्वर्णिम युग की ओर अग्रसर होगी। हमारी युवा शक्ति का जोश, मातृशक्ति का संकल्प, किसानों की कर्मनिष्ठा और उद्यमियों का कौशल, ये सभी मिलकर आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ को भारत की विकास गाथा का अग्रदूत बनाएंगे। छत्तीसगढ़ अब सीमाओं में बंधा राज्य नहीं, बल्कि नई संभावनाओं की पहचान बन चुका है। इस रजत जयंती अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और नारी सशक्तिकरण के मार्ग पर अपने इस राज्य को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएँगे।

लेखक - रायपुर लोकसभा सांसद एवं पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन

## अंतर्मन




### आज की पाती

### अपशिष्ट प्रबंधन के ठोस उपाय करना जरूरी

कम करें, पुनः उपयोग करना, रीसायकल करना एक ऐसा टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन है, जो सामाजिक रूप से स्वीकार्य और पर्यावरण के अनुकूल है। अपशिष्ट उत्पाद आज दुनिया की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। यह दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करने वाले प्रदूषण का कारण बनता है। कम करना, पुनः उपयोग करना और रीसायकल करना भूमि, वायु और जल प्रदूषण के सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक को खत्म करने के तीन बेहतरीन तरीके हैं। कम करने का मतलब है कि अपशिष्ट की मात्रा कम हो जाती है। अपशिष्ट में कमी का सीधा मतलब है उन चीजों को कम करना जिन्हें हम उपयोग करते हैं और केवल वही उपयोग करते हैं जो आवश्यक है।

-**उमेश वर्मा**, भाटापारा

# विद्युत विकास : उम्मीद से विश्वास का सफर

राज्य स्थापना की रजत जयंती के उत्साह के बीच प्रदेश के विकास को विभिन्न पैमानों पर मापा जा रहा है। छत्तीसगढ़ ने बीते ढ़ाई दशकों में अनेक उपलब्धियाँ हासिल की हैं। आधारभूत क्षेत्रों में देश के कई प्रदेशों से हम बहुत बेहतर कर पा रहे हैं यह अहसास उत्साहजनक है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और रोजगार जैसे प्रमुख पैमानों में राज्य की उपलब्धियों को मजबूत आधार देती है विद्युत ऊर्जा। प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र का विकास सभी को चमत्कृत और उज्ज्वल भविष्य का विश्वास दिलाता है। राज्य गठन उपरांत ढाई दशक में ऊर्जा क्षेत्र की प्रगति की यात्रा में कई मील के पत्थर स्थापित हुए हैं। इस दौरान राज्य में 300 प्रतिशत विद्युत उपभोक्ता तो बढ़े ही पर बढ़ती संख्या के साथ गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति करना विशेष उपलब्धि से कम नहीं। महज 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ में 5 गुना वृद्धि के साथ आज 30,000 मेगावॉट की उत्पादन क्षमता प्राप्त कर ली गई है। विद्युत की अधिकतम मांग 500 प्रतिशत बढ़कर 7000 मेगावॉट के आँकड़े को पार कर आगे निकल चुकी है। 800 प्रतिशत की वृद्धि के साथ लगभग 6 लाख स्थाई कृषि पम्प हों या औद्योगिक उपभोक्ताओं में ढाई गुना बढ़ोतरी के साथ 41 हजार औद्योगिक इकाइयाँ, सभी राज्य के विकास को आधार प्रदान कर रहे हैं। 2211 यूनिट खपत के साथ प्रति व्यक्ति विद्युत खपत के मामले में पूरे देश के पाँच प्रमुख राज्यों में छत्तीसगढ़ शामिल है जो गौरव की बात है और साथ ही ये आँकड़े भविष्य की प्रगति और समृद्धि के लिए हमें आश्वस्त भी करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत की संकल्पना में ऊर्जा क्षेत्र की सबसे अहम भूमिका है और ऐसे में अगले तीन दशक की ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति करना व्यापक कार्ययोजना से ही संभव है। सच तो यह है कि स्थापना के 25 वें वर्ष में जिस लक्ष्य को लेकर हम आगे बढ़ेंगे वो हमारी स्थापना के 50 वें वर्ष को अधिक सुखमय और समृद्ध बनाने का काम करेगा। देश में विद्युत की खपत अगले दस वर्षों तक लगभग 8 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी और वर्ष 2047 में देश में अधिकतम मांग 750 गीगावॉट तक जा पहुंचेगी। ऐसे में मिशन मोड पर विद्युत ऊर्जा उत्पादन की आवश्यकता होगी जो वर्तमान में 270 गीगावॉट है। छत्तीसगढ़ ने विद्युत विकास की ऐसी रूपरेखा तैयार की है जिससे ऊर्जा की निरंतरता बनी रहे। राज्य बहुत स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ ऊर्जा समृद्धि प्राप्त करने की इस दिशा में बढ़ चुका है। इसके तहत इसी वर्ष तीन लाख करोड़ रुपए के निवेश को आमंत्रित करने में पहली सफलता अर्जित की गई । आने वाले एक दशक में प्रदेश में 31 हजार मेगावॉट अतिरिक्त बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। छत्तीसगढ़ में विद्युत ऊर्जा का इतिहास तो एक शताब्दी से कुछ ऊपर का है पर ऊर्जा की सार्वजनिक उपयोगिता, सुलभता और आमजन के जीवन को रोशन करने का इतिहास लगभग सात दशक में फैला है। एक प्रदेश के लिए 25 वर्षों की विकास यात्रा बहुत लंबी नहीं लेकिन उसकी दिशा तय करने में यह शुरूआती कालखण्ड सबसे महत्वपूर्ण है। विद्युत क्षेत्र में 25 वर्षों के इस कालखण्ड में जो विकास हुआ है उसे हम अपने स्वर्ण काल की तैयारी के रूप में दर्ज कर सकते हैं।

- **विकास शर्मा**, प्रबंधक ( जनसंपर्क एवं औद्योगिक संबंध)
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी

## करंट अफेयर

# एपेक नेताओं ने की आर्थिक शिखर सम्मेलन की शुरूआत

एशियाई और प्रशांत क्षेत्र के 21 देशों के नेताओं ने आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने और साझा चुनौतियों से निपटने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए शुक्रवार को अपना वार्षिक शिखर सम्मेलन शुरू किया। इससे एक दिन पहले ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने व्यापार के मामले में बढ़ते तनाव को कम करने के लिए कदम उठाने पर सहमति जताई थी। इस वर्ष दक्षिण कोरियाई शहर ग्योंगजू में आयोजित दो दिवसीय एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन पर ट्रंप-शी बैठक का काफी प्रभाव पड़ा है। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को चिनफिंग के साथ हुई आमने-सामने की मुलाकात को बेहद सफल बताते हुए कहा था कि वह चीन पर लगाए गए शुल्क (टैरिफ) में कटौती करेंगे जबकि बीजिंग ने दुर्लभ धातुओं के निर्यात की अनुमति देने और अमेरिका से सोयाबीन खरीदने पर सहमति जतायी है। ट्रंप एवं चिनफिंग के बीच बनी सहमति वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए राहत की बात है। विशेषज्ञों ने पहले ही चेतावनी दी थी कि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार संबंधी तनाव को कम करने में विफलता से वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताएं और बढ़ेंगी। वर्ष 1989 में बढ़ते वैश्वीकरण के दौर में स्थापित एपेक वैश्विक व्यापार के आधे से अधिक हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है।



## ऑफ बीट

# क्या तकनीक हमारी हवा को साफ़ कर सकती है?

2018 में, घर में हवा को साफ करने के उद्देश्य से उत्पादों के साथ-साथ वायु-गुणवत्ता सेंसर में रुचि को बढ़ावा मिला। मुझे तब आश्चर्य हुआ कि क्या वायु निस्पंदन यूरोप में गति पकड़ेगा और क्या यह पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ या सामाजिक रूप से न्यायसंगत है। वह पूर्व-कोविड का समय था। जबकि इनडोर एयर फिल्टर अभी भी सर्वव्यापी नहीं हैं, मैंने 2018 में जितना अनुमान लगाया था उससे कहीं अधिक आज मैं देख रहा हूं। मेरा भविष्य का अनुमान लगाने का कौशल बहुत खराब है। यह सब मायने रखता है क्योंकि, विभिन्न इंजीनियरिंग सफलताओं को देखते हुए, अधिकांश अमीर देशों में दहन से "पारंपरिक" वायु प्रदूषण कणों (तथाकथित पीएम 2.5) का उत्सर्जन एक सदी या उससे अधिक में सबसे कम है। वायु प्रदूषण के प्रमुख स्रोत बदल रहे हैं, वाहन उत्सर्जन में सुधार हो रहा है और नियंत्रण के लिए कम बड़े औद्योगिक उत्सर्जक बचे हैं। वायु प्रदूषण सार्वजनिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाला सबसे बड़ा वैश्विक पर्यावरणीय कारक बना हुआ है, लेकिन दैनिक जीवन में प्रदूषण और इसके बारे में क्या करना है, इस पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।



## ईडब्ल्यूएस, डीजी, और विशेष आवश्यकता वाले छात्रों के लिए 20 हजार नई सीटें होंगी उपलब्ध

# नॉन कंफर्मिंग एरिया में चलने वाले निजी स्कूलों को मान्यता देगी दिल्ली सरकार: सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली सरकार ने एक ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए दिल्ली में नॉन कंफर्मिंग एरिया में चलने वाले गैर सहायता प्राप्त निजी स्कूलों को मान्यता देने का निर्णय लिया है। इस बात की जानकारी शुक्रवार को दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने दी है।

उन्होंने कहा कि इस निर्णय के अनुसार वह सभी गैर सहायता प्राप्त निजी स्कूल जो नॉन कंफर्म एरिया में काफी समय से चल रहे है और जिन्होंने शिक्षा निदेशालय से अभी तक किसी कारणवश मान्यता नहीं ली या पुरानी सरकारों के भेदभाव पूर्ण व्यवहार के कारण उनको मान्यता नहीं मिल पाई ऐसे सभी स्कूल अब मान्यता के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय का पोर्टल 1 नवंबर 2025 से शुरू हो जाएगा। इस पोर्टल पर ऐसे सभी स्कूल जो मान्यता लेने के इच्छुक हैं वह 30 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त आवेदनों की छटनी की जाएगी और पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन जो मान्यता की सभी क्रिटेरिया को पूरा करते है उनकी एक लिस्ट जारी की जाएगी।

दिल्ली में स्कूलों के लिए यह लंबित मामला था। इस पर लंबे समय के बाद इस पर निर्णय लिया गया है। जो राजधानी के हजारों बच्चों के लिए संवैधानिक शिक्षा के अधिकार को पुनर्स्थापित करता है। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि पिछले एक दशक से यह मुद्दा फाइलों में दबा रहा और हजारों बच्चे अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित रहे। दिल्ली में पहले सरकारों ने कुछ विद्यालयों को मनमानी तरीके से मान्यता दी और कुछ विद्यालयों की सरकार ने अनदेखी भी की थी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हमने इस भेदभाव का अंत किया है। यह मात्र प्रशासनिक सुधार नहीं बल्कि हमारे बच्चों के लिए न्याय, संस्थानों के लिए निष्पक्षता और दिल्ली में शिक्षा के लोकतंत्रीकरण की दिशा में एक सच्चा कदम है। उन्होंने कहा कि यह पहल संविधान के अनुच्छेद 21-ए और बच्चों के निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009 (आरटीई अधिनियम) का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करती है, जिससे दिल्ली सरकार की इस प्रतिबद्धता की पुष्टि होती है कि प्रशासनिक या स्थान संबंधी बाधाओं के कारण किसी भी बच्चे को शिक्षा से वंचित नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछला मान्यता अभियान 2013 में चलाया गया था, जिससे चुनिंदा अनुमोदनों के माध्यम से केवल कुछ ही स्कूलों को लाभ हुआ था।

### पिछले 10 सालों से नॉन कंफर्मिंग एरिया में कई स्कूल चल रहे थे बिना मान्यता के

मंत्री सूद ने कहा कि नौकरशाही की उदासीनता और पिछली सरकारों की नीतिगत निष्क्रियता के कारण दस वर्षों से भी अधिक समय से नॉन कंफर्मिंग एरिया में कई स्कूल बिना मान्यता के चल रहे थे। परिणामस्वरूप आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस), वंचित समूहों (डीजी) और विशेष आवश्यकता वाले बच्चे (सीडब्ल्यूएसएन) शिक्षण संस्थानों के पास रहने के बावजूद, मान्यता प्राप्त स्कूली शिक्षा से वंचित रह गए। इसके विपरीत वर्तमान सरकार ने पक्षपात की राजनीति से हटकर एक पारदर्शी, न्यायसंगत और जवाबदेह प्रक्रिया शुरू की है और दिल्ली में शिक्षा के लोकतंत्रीकरण में एक नया मानदंड स्थापित किया है।

### इस निर्णय से करीब 500 स्कूल शिक्षा निदेशालय के दायरे में आएंगे

मंत्री सूद ने कहा कि इस निर्णय से लगभग 500 स्कूल अब शिक्षा निदेशालय के दायरे में आ जाएंगे, जिससे वैधता, नियामक निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। इस सुधार से हजारों छात्रों को सीधा लाभ होगा। हर वर्ष शिक्षा निदेशालय को लगभग 40 हजार सीटों के लिए ईडब्ल्यूएस/डीजी/सीडब्ल्यूएसएन श्रेणियों के अंतर्गत लगभग 2 लाख आवेदन प्राप्त होते हैं, जिनमें से कई मान्यता प्राप्त स्कूलों की कमी के कारण खाली रह जाती हैं। नई मान्यता नीति से लगभग 20 हजार अतिरिक्त सीटें सृजित होने की उम्मीद है, जिससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक समान पहुँच का व्यापक विस्तार होगा।

### अभिभावक मान्यता प्राप्त स्कूलों में ही अपने बच्चों का कराएं दाखिला

सरकार ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों का प्रवेश केवल शिक्षा निदेशालय द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में ही करवाएं, क्योंकि मान्यता प्राप्त विद्यालयों में न केवल प्रमाणपत्रों की वैधता और सुरक्षा मानकों की गारंटी होती है बल्कि सरकारी योजनाओं एवं प्रवेश में भी छात्रों को लाभ मिलता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस परिवर्तन के दौरान किसी भी छात्र की पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। प्रक्रिया को इस प्रकार तैयार किया गया है कि शिक्षा की निरंतरता बनी रहे और संस्थानों का उन्नयन सुचारू रूप से हो सके।

## दिल्ली में बीएस-3 और पुराने वाहनों के प्रवेश पर लगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण के तहत उठाए गए कदमों के तहत अगले आदेश तक आज एक नवंबर 2025 से राजधानी में बीएस-3 व पुराने मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लग गया है।

यह प्रतिबंध कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्युएम) की तरफ से जारी आदेश के बाद उठाया गया है। सीएक्युएम ने अपने आदेश में लिखा है कि पुराने वाहनों का धुआं सबसे अधिक प्रदूषण फैलाता है। आज से लागू प्रतिबंध के बाद अब केवल बीएस-चार, बीएस-6 मानक वाले मालवाहक वाहन (डीजल या पेट्रोल दोनों) व सीएनजी तथा एलएनजी वाहनों को ही दिल्ली में प्रवेश मिलेगा।

इसके अलावा सीएनजी व एलएनजी और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) भी दिल्ली में चल सकेंगे। इसके अलावा बीएस-4 मानक वाले वाहनों को अपग्रेड करने के लिए सरकार ने 31 अक्टूबर, 2026 तक अस्थायी छूट दी है। प्रतिबंध का कड़ाई से पालन करने के लिए परिवहन विभाग व यातायात पुलिस ने अपने अपने स्तर पर तैयारियों के दावे किए है। परिवहन विभाग के एक आला अधिकारी का कहना है कि राजधानी के सभी प्रवेश बॉर्डर पर पहले से अधिक सतर्कता बरती जाएगी। इसके अलावा कई टीमें बनाई गई है जो उल्लंघन करने वाले वाहनों पर नकेल कसेगी। विभाग की कोशिश रहेगी कि प्रतिबंधित वाहनों को किसी भी सूरत में दिल्ली में प्रवेश नहीं मिल सके।

अगर ऐसे प्रतिबंधित वाहन पकड़े जाते है तो नियमों के तहत उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं सीएक्यूएम ने कहा है कि दिल्ली की सीमाओं पर चेकिंग के दौरान गाड़ियों की वजह से लंबा ट्रैफिक जाम लग जाता है और मालवाहक वाहनों के इंजन चलते रहने से धुएं का स्तर बढ़ जाता है।

### खबर संक्षेप

**व्यापार को सुगम बनाना सरकार का लक्ष्य : सीएम**

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया रिटेलर्स इंटीटेटिव फॉर स्किलिंग एंड एंटरप्रेन्योरशिप (एआरआईएसई) की पहल को 'रिटेल सेक्टर में आत्मनिर्भरता और इनोवेशन की दिशा में एक मील का पत्थर' बताते हुए शुक्रवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि ऐसे प्रयास न केवल व्यापार को प्रोत्साहित करेंगे, बल्कि रोजगार सृजन और कौशल विकास के नए अवसर भी प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य राजधानी में व्यापार को सशक्त, सरल और सुगम बनाना है। उन्होंने कहा कि एआरआईएसई एक ऐसा मंच है जो भारत के व्यापार जगत को नई दिशा और पहचान प्रदान करेगा। यह पहल देश के लाखों रिटेलर्स और छोटे व्यापारियों को स्किलिंग, ब्रांडिंग और एंटरप्रेन्योरशिप के माध्यम से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

**'स्ट्रीट लाइट देने का वादा अभी तक नहीं किया पूरा'**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की सदन बैठक में महापौर राजा इकबाल सिंह से दिवाली से पहले पार्षदों को 50-50 स्ट्रीट लाइट देने का वादा किया था लेकिन वह वादा अभी तक पूरा नहीं किया गया है। आम आदमी पार्टी के नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने शुक्रवार को महापौर को चिट्ठी लिखने के बाद मीडिया को यह जानकारी दी और महापौर को वादा याद दिलाया है। उन्होंने कहा कि 14 अक्टूबर को सदन की बैठक में महापौर ने दिवाली पर सभी पार्षदों को 50-50 स्ट्रीट लाइटें देने का वादा किया था।

## रेड लाइन मेट्रो पर ब्रेक से यात्रियों को हुई परेशानी

**पीक टाइम ने बढ़ाई दिक्कतें, बंद करने पड़े स्टेशन के गेट**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली मेट्रो की रेड लाइन में शुक्रवार सुबह के समय आई तकनीकी खराबी ने हजारों यात्रियों को परेशान कर दिया। सुबह सुबह ड्यूटी टाइम होने के चलते रेड लाइन की खराबी का असर अन्य लाइनों पर भी देखने को मिला। रेड लाइन रिठाला से लेकर गाजियाबाद के शहीद स्थल (न्यू बस अड्डा) अंतर्गत प्रीतमपुरा और वेलकम मेट्रो स्टेशन के बीच सिग्नल में खराबी आने से लगभग एक घंटे से अधिक समय तक मेट्रो सेवा ठप रही। रेड लाइन के स्टेशनों पर यात्रियों की भारी भीड़ लगी रही। हालात इस कदर देखने को मिले की डीएमआरसी को मजबूरी में कई जगहों पर स्टेशनों के गेट भी बंद करने पड़े। स्टेशन के अंदर लंबी लंबी लाइनें लग गई। लेकिन यात्रियों को शुरुआत में यह तक पता नहीं था कि ऐसा क्यों हो रहा है।

क्योंकि डीएमआरसी की तरफ से शुरुआत में किसी प्रकार की जानकारी नहीं देने की वजह से यात्रियों में और अधिक रोष देखने को मिला। सुबह करीब सवा आठ बजे सिग्नल में आई खराबी के बाद लगभग 9:50 बजे के बाद ही मेट्रो सेवा सामान्य हुई। सूत्रों का कहना है कि प्रीतमपुरा से वेलकम स्टेशन के बीच सिग्नल में आई वाली खराबी की वजह से रेड लाइन पर मेट्रो ट्रेनों का कंट्रोल रूम से संपर्क लगभग कट गया, जिसके चलते ट्रेनें जहां तहां खड़ी हो गई, जिससे यात्रियों में अफरा तफरी बढ़ गई और स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ बढ़ती चली गई। ऐसे में स्टेशनों पर व मेट्रो के अंदर बैठे यात्रियों ने डीएमआरसी के अधिकृत सोशल मीडिया मंच पर खराबी को लेकर तरह तरह की पोस्ट करनी शुरू कर दी।

बाद में भीड़ वाले स्टेशनों के गेट पर मेट्रो कर्मचारी खड़े हुए और उन्होंने अंदर आने वाले यात्रियों को बताया कि मेट्रो खराब है। हालांकि बाद में डीएमआरसी ने भी सोशल मीडिया पर रेड लाइन पर मेट्रो खराबी को लेकर पोस्ट की और उसके करीब दो घंटे बाद पुन मेट्रो परिचालन सुचारू हो गया है को लेकर पोस्ट कर जानकारी दी। यात्रियों ने जमकर डीएमआरसी को कोसा और सवाल खड़े किए। यात्रियों ने इस बात को लेकर सबसे ज्यादा परेशानी बताई की मेट्रो में यात्रा किए बिना ही उनके पैसे कट गए। यात्रियों का कहना है कि किराया बढ़ा दिया गया, लेकिन सुविधा के नाम पर अक्सर मेट्रो में खराबी की सौगात मिलती है।

## प्रदूषण के आंकड़ों से नहीं की जा सकती छेड़छाड़ : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि प्रदूषण के आंकड़ों से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। उन्होंने विपक्ष को 'बेरोजगार' करार देते हुए सलाह दी कि वह गाना गाने तक ही सीमित रहे।

रेखा की यह टिप्पणी 'आप' के दिल्ली सरकार के कृत्रिम बारिश संबंधी परीक्षणों की आलोचना करने और यह आरोप लगाने के बाद आई है कि सरकार ने दिवाली की रात को प्रदूषण निगरानी स्टेशन को बंद कर दिया और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के आंकड़ों में हेरफेर किया। चांदनी चौक में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सोच में कुछ गड़बड़ है। 'आप' के साथ समस्या यह है कि अगर वायु गुणवत्ता सूचकांक घट जाता है, तो वे कहेंगे कि आंकड़ों से छेड़छाड़ की गई है। और अगर वायु गुणवत्ता सूचकांक बढ़ता है, तो वे कहेंगे कि यह कैसे बढ़ रहा है? उनके इन बेतुके सवालों का जवाब देना हमारा काम नहीं है। हम दिल्ली में प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए ईमानदारी से काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक्यूआई डेटा के साथ न तो छेड़छाड़ की जा सकती है और न ही इसमें हेरफेर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी विशेष स्थान पर खड़े होकर वहां का एक्यूआई जान सकता है। रेखा ने कहा कि 'आप' के साथ समस्या है।

## 20 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने लिया जल बोर्ड लेट पेमेंट सरचार्ज माफी योजना का लाभ : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- अब तक दिल्ली जल बोर्ड के उपभोक्ताओं ने 96 करोड़ रुपए की छूट का लाभ उठाया

दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) की लेट पेमेंट सरचार्ज माफी योजना को उपभोक्ताओं से बेहद सकारात्मक और उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है। अब तक 20 हजार 980 से अधिक उपभोक्ताओं ने इस योजना का लाभ उठाया है, जिससे बोर्ड को वित्तीय स्थिरता, जल अवसंरचना को सशक्त करने और जिम्मेदार जल उपभोग को बढ़ावा देने में मदद मिल रही है। गौरतलब है कि दिल्ली में लगभग 29 लाख पंजीकृत जल उपभोक्ता हैं, जिनमें से 15 लाख से अधिक खातों पर बकाया राशि है। कुल 16 हजार 100 करोड़ के बकाया बिलों में से 5 हजार 100 करोड़ मूल राशि है, जबकि शेष 11 हजार करोड़ लेट पेमेंट सरचार्ज के रूप में जमा हुए हैं।

नई योजना के तहत उपभोक्ताओं को केवल मूल राशि का भुगतान करना होगा, जबकि पूरा सरचार्ज एक बार की राहत के रूप में माफ किया जा रहा है। योजना शुरू होने के बाद से उपभोक्ता अब तक 96 करोड़ 30 लाख लाख रुपए की छूट का लाभ उठा चुके हैं, और 32 करोड़ 79 लाख रुपए की वसूली दिल्ली जल बोर्ड द्वारा सफलतापूर्वक की जा चुकी है। अधिकारियों का मानना है कि अगली बिलिंग साइकिल के बाद, जब उपभोक्ताओं को सरचार्ज हटे हुए संशोधित बिल प्राप्त होंगे, तो वसूली में तेजी से वृद्धि होगी। वसूली प्रक्रिया को और तेज करने के लिए दिल्ली जल बोर्ड जल्द ही एक विशेष मार्केटिंग एवं जनसंपर्क टीम तैनात करेगा, जो पूरे शहर में जागरूकता अभियान चलाएगी। विज्ञापन जल्द ही डीटीसी बसों, दिल्ली मेट्रो, एफएम रेडियो, अखबारों और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर नज़र आएंगे।

### निगम ने छुट्टी और अनुकंपा नियुक्ति की मानी मांग

## 'महापौर के आश्वासन पर समाप्त हुई एमटीएस कर्मियों की हड़ताल'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) मुख्यालय पर लगभग एक माह से चल रही दिल्ली नगर निगम के जन स्वास्थ्य विभाग के एमटीएस (मल्टी टास्किंग स्टाफ) कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुक्रवार को समाप्त हो गई।

सदन द्वारा गठित नौ सदस्यीय समिति की बैठक में बनी सहमति के बाद महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने हड़ताली कर्मचारी को जूस पिलाया और इसके बाद एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन ने हड़ताल समाप्ति की घोषणा की। यूनियन के महासचिव देवानंद शर्मा ने बताया कि निगम मुख्यालय में शुक्रवार को समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें एमटीएस कर्मियों की प्रमुख मांगों पर सहमति बनी। बता दें कि तीन निगमों के एकीकरण के बाद भी इन कर्मियों की कई मांगें थीं, जिसमें वेतन विसंगतियों को दूर करना, कर्मियों को नियमित करना और निगम में छुट्टियां और अनुकंपा आधार पर नियुक्ति की मांग शामिल थीं।

महापौर ने कहा कि एमटीएस (पीएच) अनुबंधित कर्मियों की मांगों के समाधान हेतु नगर निगम ने 10 सदस्यीय समिति का गठन किया था। इस समिति ने कर्मियों के प्रतिनिधियों से विस्तृत चर्चा की और उनकी समस्याओं व मांगों को गंभीरता से सुना। समिति ने यह आश्वासन दिया है कि कर्मियों की सभी वैध और उचित मांगों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### अधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई करने के दिए गए निर्देश

महापौर सरदार राजा इक़बाल सिंह ने बताया कि इस समिति में नेता सदन प्रवेश वाही, पर्यावरण प्रबंधन सेवाएँ समिति के अध्यक्ष संदीप कपूर, स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष मनीष चड्ढा, मलेरिया समिति की अध्यक्ष नीता बिष्ट ने हड़ताल पर बैठे कर्मियों के साथ बैठक कर उनके साथ समन्वय स्थापित किया और हड़ताल ख़त्म करवाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि समिति की रिपोर्ट के अनुसार निगम अधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### 29 सितंबर 2025 से जारी थी हड़ताल

बता दें कि एमटीएस कर्मचारी 29 सितंबर 2025 से निगम मुख्यालय के गेट नंबर 5 के बाहर अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे थे। गुरुवार को पुलिस प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को हटाया था, जिसके बाद शुक्रवार सुबह कर्मचारी दोबारा एकत्र हुए। पुलिस ने उन्हें रामलीला मैदान में स्थानांतरित किया, जहां बाद में हुई समिति बैठक में समाधान का रास्ता निकला है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण, उत्तर रेलवे, रोहतक रोड़, शकूरबस्ती, दिल्ली–56, भारत के राष्ट्रपति के लिये एंव उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये निर्धारित प्रोफार्मा पर एक पैकेट प्रणाली में ई खुली निविदाएँ आंमत्रित की जाती है ।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | रेलवे अधिकारी कॉलोनी सरोजिनी नगर, नई दिल्ली के लिए बागवानी भूमि स्केपिंग कार्य। |
| 2. | अनुमानित लागत | रू 0.58 करोड़ |
| 3. | धरोहर राशि | रु 116900.00 |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | स्वीकृति पत्र जारी होने के 12 माह के अन्दर। |
| 5. | रेलवे की वेब साईट पर निविदा की ब्रिकी एवं उपलब्धता। | निविदा दस्तावेज दिनांक 17.11.2025 से 01.12.2025 तक समय 11.30 तक उपलब्ध रहेगें । |
| 6. | निविदा अपलोड करने की दिनांक/समय | निविदा कर्ता दिनांक 17.11.2025 से 01.12.2025 समय 11.30 वेब साईट से अपलोड कर सकते है । |
| 7. | निविदा के खुलने की तिथि एवं समय | निविदा अपलोड करने के तुरन्त पश्चात दिनांक 01.12.2025 को 11.30 तक |

संख्या: 424–एकाउन्टस/निर्माण/शकूरबस्ती दिनांक: 30.10.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3389/25

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अरुण उर्फ सुदामा** पुत्र संजय निवासी मकान नं. 9658, गली नं. 11, मुल्तानी ढांडा, पहाड़गंज, दिल्ली दूसरा पता: मकान नंबर ए–4/430, सुल्तानपुरी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 58/20 धारा 33/38 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना राजौरी गार्डन, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अरुण उर्फ सुदामा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अरुण उर्फ सुदामा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 58/20 धारा 33/38 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना राजौरी गार्डन, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अरुण उर्फ सुदामा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए 15.12.2025 को हाजिर हो।

आदेशानुसार: श्री शशांक नन्दन भट्ट,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–02 (पश्चिम)
कमरा नंबर 356, तीसरा तल,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14693/WD/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रामू उर्फ रामजी** पुत्र **राम दुलारे** पता: **डी1/83, गली नं. 15, डी ब्लॉक, रामा विहार, दिल्ली** ने case **e-FIR No. 7343/18 U/s 411/34 IPC, थाना: फर्श बाजार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रामू उर्फ रामजी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रामू उर्फ रामजी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **e-FIR No. 7343/18 U/s 411/34 IPC, थाना: फर्श बाजार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रामू उर्फ रामजी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 04.12.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री अखिल मलिक
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–02
रूम नं. 38, भूतल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/14295/SHD/2025 (Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विशाल** पुत्र स्वर्गीय मनोज कुमार निवासी खसरा नं. 14, गली नं. 24, डाबर एन्क्लेव, एफ–ब्लॉक, जाफरपुर कलां, रावता, मोड़, द्वारका, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 4/2025 धारा 281/125 भारतीय न्याय संहिता, थाना जाफरपुर कलां, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विशाल** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विशाल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 4/2025 धारा 281/125 भारतीय न्याय संहिता, थाना जाफरपुर कलां, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **विशाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए 03.12.2025 को हाजिर हो।

आदेशानुसार: श्री अभिनव अहलावत,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–09 (दक्षिण–पश्चिम)
कोर्ट नं. 314,
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/14725/DW/2025

## पेज एक का शेष

### आर्य समाज ने समाज...

आर्य समाज ने समाज सुधार की परंपरा को आगे बढ़ाया : प्रधानमंत्री ने कहा कि आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष, ये अवसर केवल समाज के एक हिस्से या संप्रदाय से जुड़ा नहीं है। ये अवसर पूरे भारत की वैदिक पहचान से जुड़ा है। आर्य समाज ने समाज सुधार की महान परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाया! जिसने आजादी की लड़ाई में कितने ही सेनानियों को वैचारिक ऊर्जा दी। लाला लाजपतराय, हुतात्मा रामप्रसाद बिस्मिल, ऐसे कितने ही क्रांतिकारियों ने आर्यसमाज से प्रेरणा लेकर, आजादी की लड़ाई में अपना सर्वस्व समर्पित किया था। दुर्भाग्य से, राजनीतिक कारणों से आजादी की लड़ाई में, आर्य समाज की इस भूमिका को वो सम्मान नहीं मिला, जिसका आर्य समाज हकदार था। आर्य समाज अपनी स्थापना से लेकर आज तक प्रबल राष्ट्रभक्तों की संस्था रही है। आर्य समाज निर्भीक होकर भारतीयता की बात करने वाली संस्था रही है।

**भारतीय सभ्यता, संस्कृति, परंपरा अमर है :** पीएम मोदी ने कहा कि हमारा भारत कई मायनों में विशेष है। ये धरती, इसकी सभ्यता, इसकी वैदिक परंपरा, ये युगों-युगों से अमर है। क्योंकि, किसी भी कालखंड में जब नई चुनौतियाँ आती हैं, समय नए सवाल पूछता है, तो कोई न कोई महान विभूति उनके उत्तर लेकर अवतरित हो जाती है। कोई न कोई ऋषि, महर्षि और मनीषी हमारे समाज को नई दिशा दिखाते हैं। दयानन्द सरस्वती जी भी इसी विराट परंपरा के महर्षि थे। स्वामी दयानंद सरस्वती जी जानते थे कि अगर भारत को आगे बढ़ना है, तो भारत को सिर्फ गुलामी की जंजीरें ही नहीं तोड़नी हैं, जिन जंजीरों ने हमारे समाज को जकड़ा हुआ था, उस जंजीरों को भी तोड़नी जरूरी थीं। इसलिए स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने ऊंच-नीच, छुआछूत और भेदभाव का खंडन किया। उन्होंने छुआछूत को जड़ मूल से उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। उन्होंने अशिक्षा के खिलाफ अभियान छेड़ा। उन्होंने हमारे वेदों और शास्त्रों की गलत व्याख्या और मिलावट करने वालों को ललकारा। उन्होंने विदेशी नैरेटिव को भी चुनौती दी। और, शास्त्रार्थ की पुरानी परंपरा से सत्य को सिद्ध किया।

**स्वामी दयानंद युगदृष्टा महापुरुष थे :** प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वामी दयानंद जी युगदृष्टा महापुरुष थे। वो जानते थे, चाहे व्यक्ति निर्माण हो, या समाज निर्माण, उसके नेतृत्व में नारीशक्ति की बहुत बड़ी भूमिका होती है। इसीलिए उन्होंने महिलाओं को घर की चौखट तक सीमित समझने वाली सोच को ही चुनौती दी। आर्य समाज के स्कूलों में लड़कियों को शिक्षा देने का अभियान शुरू किया। उस समय जालंधर में जो कन्या विद्यालय शुरू हुआ, वो देखते ही देखते "कन्या महाविद्यालय" बन गया। आर्य समाज के ऐसे ही महाविद्यालयों में पढ़ीं लाखों लाख बेटियां, आज राष्ट्र की नींव को मजबूत कर रही हैं।

### स्वामी दयानंद की...

आत्मीयता है कि मुझे बार बार आपके बीच आने का अवसर मिलता है। और जब भी मैं आपसे मिलता हूं, आपसे संवाद करता हूं, एक अलग ही ऊर्जा से, एक अलग ही प्रेरणा से भर जाता हूं। और मुझे अभी बताया गया कि ऐसे और 9 सभाग्रह बनाए गए हैं। वहां हमारे सभी आर्य समाज के वृति वीडियो से इस कार्यक्रम को देख रहे हैं। मैं उनके दर्शन नहीं कर पा रहा हूं, लेकिन मैं उनको भी यहां से प्रणाम करता हूं।

### डेनमार्क के प्रतिधिनिमंडल...

पर कार्य कर रही है, हुए कहा कि हरियाणा सरकार डेनमार्क के साथ कई परियोजनाओं पर कार्य कर रही है, जिससे प्रदेश के कृषि और पशुपालन क्षेत्र में तकनीकी उन्नति और उत्पादन क्षमता में वृद्धि विशेष रूप से शामिल है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के प्रगतिशील किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा के नेतृत्व में अफ्रीकी देशों के दौरे पर जा चुका है और वहां की तकनीकों, कृषि प्रणालियों एवं पद्धतियों का विस्तार से अध्ययन भी किया है। इसलिए यहां के किसानों के साथ डेनमार्क एवं अन्य अफ्रीकी देशों के निवेशक मिलकर पशुपालन, कृषि, डेयरी विकास जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ सकते हैं।


### भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों...

किया है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि यह समझौता आगामी समय में न केवल भारत-अमेरिका द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और अधिक गहराई देने में मदद करेगा। बल्कि यह दोनों देशों को एक विस्तृत विजन के साथ ही नीतिगत मार्गदर्शन भी प्रदान करेगा। तेजी से बढ़ती भू-राजनीतिक अस्थिरता के दौर में दोनों रक्षा मंत्री इस बात पर भी सहमत हुए कि चुनौतियों से मुकाबला करने के लिए दोनों एकजुटता से काम करेंगे। उधर, इस बैठक के अलावा भारत के रक्षा मंत्री की मलेशिया के रक्षा मंत्री मोहम्मद खालिद नॉर्डिन के साथ भी एक द्विपक्षीय मुलाकात हुई है।

**2015 में हुए समझौते की लेगा जगह :** रक्षा क्षेत्र के जानकारों का मानना है कि इस समझौते को वर्ष 2015 में दोनों देशों के बीच हुए ऐसे ही एक अन्य रक्षा समझौते की समयसीमा समाप्त होने से पहले अमलीजामा पहनाया गया है। पूर्व में भी दोनों देशों के बीच कई अहम रक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिनमें वर्ष 2016 में हुआ लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (लेमोआ), 2018 में हुआ कम्युनिकेशन कंपैटिबिलिटी एंड सिक्योरिटी एग्रीमेंट (कॉमकासा) और 2020 में हुआ बेसिक एक्सचेंज एंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट (बीईसीए) मुख्य हैं। गौरतलब है कि रूस से तेल खरीद पर उखड़े अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ के चलते संबंधों में बनी हुई गंभीर तल्खी के दौर में दोनों के बीच हुई संभवतः यह पहली प्रत्यक्ष बैठक थी। अभी तक अमेरिका की तरफ से टैरिफ में कोई कटौती नहीं की गई है। भारत पहले ही अमेरिका के टैरिफ के निर्णय को पूरी तरह से अनुचित और अविवेकपूर्ण बता चुका है। जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार भारत पर रूस से जारी अपनी तेल खरीद पर पूरी तरह से रोक लगाने को लेकर दबाव बनाने में लगे हुए हैं। उनका ये भी कहना है कि भारत की इस कवायद से रूस को यूक्रेन के खिलाफ जारी युद्ध को जारी रखने के लिए वित्तीय मदद मिल रही है।

**रक्षा साझेदारी में शुरू होगा नया युग: राजनाथ :** राजनाथ सिंह ने एक्स पर पोस्ट में समझौते पर प्रतिक्रिया दी और उसमें लिखा, 'क्वालालंपुर में आसियान-प्लस के रक्षा मंत्रियों की बैठक से इतर अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के साथ एक सार्थक बैठक हुई। जिसमें हमने 10 वर्षीय अमेरिका-भारत प्रमुख रक्षा साझेदारी की रूपरेखा पर हस्ताक्षर किए हैं। एक स्वतंत्र, खुले और नियम आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र को सुनिश्चित करने के लिए हमारी साझेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। ये समझौता वर्तमान में चल रही हमारी मजबूत रक्षा साझेदारी में एक नए युग की शुरुआत करेगा। साथ ही इसकी मदद से दोनों देशों के रक्षा संबंधों के संपूर्ण आयाम को नीतिगत दिशा भी मिलेगी। यह हमारे बढ़ते रणनीतिक अभिसरण का संकेत है और साझेदारी के एक नए दशक का सूत्रपात करेगा। उन्होंने ये भी लिखा कि रक्षा हमारे द्विपक्षीय संबंधों का प्रमुख स्तंभ बना रहेगा'।

## राशिफल


**मेष** मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।


**वृष** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।


**मिथुन** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।


**कर्क** पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।


**सिंह** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।


**कन्या** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।


**तुला** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।


**वृश्चिक** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।


**धनु** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**मकर** आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।


**कुंभ** मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।


**मीन** मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

## लेखा महानियंत्रक ने जारी किया आंकड़ा

# केंद्र का राजकोषीय घाटा पहली छमाही में वार्षिक लक्ष्य का 36.5 प्रतिशत रहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- पहली छमाही में राजकोषीय घाटा 29 प्रतिशत रहा
- केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा 5,73,123 करोड़ रुपए रहा

वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही के अंत में केंद्र का राजकोषीय घाटा समूचे वित्त वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य का 36.5 प्रतिशत रहा। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी।

पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में राजकोषीय घाटा 2024-25 के बजट अनुमान का 29 प्रतिशत था। राजकोषीय घाटा सरकार के व्यय और राजस्व के बीच का अंतर होता है। मौजूदा कीमतों पर 2025-26 की अप्रैल-सितंबर अवधि में केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा 5,73,123 करोड़ रुपये रहा। केंद्र का अनुमान है कि 2025-26 के दौरान राजकोषीय घाटा देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.4 प्रतिशत यानी 15.69 लाख करोड़ रुपये रहेगा।




*5.78 लाख करोड़ ब्याज भुगतान के लिए थे : कुल राजस्व व्यय में 5.78 लाख करोड़ रुपये ब्याज भुगतान और 2.02 लाख करोड़ रुपये सब्सिडी के लिए थे। पूंजीगत व्यय में 40 प्रतिशत की वृद्धि ने पहली छमाही के दौरान भारत सरकार के राजकोषीय घाटे को 5.7 लाख करोड़ रुपये (बजट अनुमान का लगभग 37 प्रतिशत) तक बढ़ा दिया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 4.7 लाख करोड़ रुपये था।*

### राज्य सरकारों को 6.31 लाख करोड़ दिए

सीजीए के आंकड़ों के अनुसार, इस दौरान केंद्र सरकार ने करों के हस्तांतरण के रूप में राज्य सरकारों को 6.31 लाख करोड़ रुपये से अधिक दिए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 86,948 करोड़ रुपये अधिक है। समीक्षाधीन अवधि में केंद्र सरकार ने कुल 23 लाख करोड़ रुपये (बजट अनुमान 2025-26 का 45.5 प्रतिशत) खर्च किए। कुल व्यय में 17.22 लाख करोड़ रुपये राजस्व खाते में और 5.8 लाख करोड़ रुपये पूंजीगत खाते में थे।

### सितंबर 2025 तक 16.95 लाख करोड़ की प्राप्तियां हुई

सीजीए के आंकड़ों के मुताबिक, सरकार को सितंबर 2025 तक 16.95 लाख करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्तियां हुईं जो 2025-26 के बजट में अनुमानित कुल प्राप्तियों का 49.6 प्रतिशत है। इसमें 12.29 लाख करोड़ रुपये का कर राजस्व (केंद्र को शुद्ध), 4.6 लाख करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व और 34,770 करोड़ रुपये की गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं।

### व्यवसाय तीन साल से लंबित है तो जीएसटी रिटर्न नहीं भर पाएंगे

जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने शुक्रवार को कहा कि व्यवसाय नवंबर कर अवधि से तीन साल या उससे अधिक समय के लिए देय जीएसटी रिटर्न दाखिल नहीं कर पाएंगे। जीएसटीएन (जो प्रौद्योगिकी क्षेत्र की रीढ़ है) ने एक परामर्श में कहा कि सभी जीएसटी-पंजीकृत व्यवसायों के लिए मासिक, त्रैमासिक और वार्षिक रिटर्न नियत तिथि से तीन साल की समाप्ति के बाद दाखिल करने पर रोक लगा दी जाएगी।

### मंच पर नवंबर 2025 कर अवधि से लागू किया जाएगा

जीएसटीएन ने कहा, " यह प्रतिबंध जीएसटी मंच पर नवंबर 2025 कर अवधि से लागू किया जाएगा, जिसका मतलब है कि कोई भी रिटर्न जिसकी देय तिथि तीन साल या उससे अधिक पहले थी और नवंबर कर अवधि तक दाखिल नहीं किया गया है, उसे दाखिल करने से रोक दिया जाएगा।" सरकार ने 2023 में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) कानून में संशोधन कर जीएसटी रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा तय कर दी थी।

### एक दिसंबर 2025 से प्रभावी


जीएसटीएन के 29 अक्टूबर को जारी परामर्श में कहा गया कि एक दिसंबर 2025 से प्रभावी, अक्टूबर 2022 को देय मासिक जीएसटी रिटर्न फॉर्म जीएसटीआर-1 और जीएसटीआर-3बी और वित्त वर्ष 2020-21 के लिए वार्षिक जीएसटी रिटर्न जीएसटीआर-9 समय-बाधित हो जाएंगे।

## के.आर. मंगलम विवि में 'आइडियाज़ 3.0' का आयोजन, नवाचार, सृजनशीलता और युवा ऊर्जा का महोत्सव

गुरुग्राम। के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय आगामी 6 और 7 नवम्बर 2025 को अपने गुरुग्राम परिसर में वार्षिक उत्सव 'आइडियाज़ 3.0' का आयोजन कर रहा है, जो नवाचार और सृजनशीलता को समर्पित होगा। यह दो दिवसीय आयोजन क्षेत्र के सबसे बड़े इंटर-स्कूल और इंटर-यूनिवर्सिटी फेस्ट्स में से एक होगा, जिसमें देशभर से 15,000 से अधिक छात्र-छात्राएँ और 100 से अधिक शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

## जनहित पूर्वांचल सोसाइटी द्वारा आयोजित छठ महोत्सव

नई दिल्ली। जनहित पूर्वांचल सोसाइटी रजी0 नरेला दिल्ली 40 द्वारा आयोजित छठ महोत्सव 2025 में



सुंदर व सुव्यवस्थित व्यवस्था करवाने हेतु उत्तरी जिले के DM श्री कुमार अभिषेक IAS का धन्यवाद आभार प्रकट करते हुए जनहित पूर्वांचल सोसाइटी की पदाधिकारीगण इस वर्ष बहुत कम समय में हर तरह की व्यवस्था बहुत सुंदर तरीके से शेक्टर A 10पॉकेट 1 DDA नरेला दिल्ली 40 में किया।

## सोना 2,200 रुपये प्रति 10 ग्राम तेज, चांदी में आई नरमी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सोना बढ़कर हुआ 1,25,600 रुपए प्रति 10 ग्राम
- चांदी 2000 रुपए घटकर 1,53,000 रुपए प्रति किलो ग्राम

सोने के दाम शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में 2,200 रुपये की तेज बढ़त के साथ 1,25,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए। अखिल भारतीय सराफा संघ ने कहा कि सोने के दाम में यह तेजी थोक खरीदारों और आभूषण विक्रेताओं की नई खरीद के कारण आई है। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,23,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके साथ, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 2,200 रुपये बढ़कर 1,25,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गया, जो पिछले कारोबारी सत्र में 1,22,800 रुपये प्रति 10 ग्राम था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सुमिल गांधी ने कहा, "सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन सोने में तेजी आई, जिसका प्रमुख कारण डॉलर के मुकाबले रुपये में आई कमजोरी रही।" इस बीच, चांदी के भाव 2,000 रुपये घटकर 1,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गए।

## शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 466 अंक फिसला

- निजी बैंकों के शेयरों में रही बिकवाली
- वैश्विक बाजारों में भी सीमित खरीदारी रही

एजेंसी ▶▶| मुंबई

निजी बैंकों के शेयरों में बिकवाली और वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बीच शुक्रवार को स्थानीय बाजार लगातार दूसरे दिन नुकसान में रहे। सेंसेक्स लगभग 466 अंक गिर गया जबकि निफ्टी में 156 अंकों की गिरावट रही।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 465.75 अंक टूटकर 83,938.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 498.8 अंक गिरकर 83,905.66 अंक तक आ गया था। इसके 25 शेयरों में गिरावट और पांच शेयरों में तेजी रही। निफ्टी 155.75 अंक गिरकर 25,722.10 पर आ गया। विदेशी निवेशकों की बिकवाली, कंपनियों के मिलेजुले नतीजे और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों पर स्पष्टता की कमी ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया।

### फेड के रुख के बाद वैश्विक सतर्कता बढ़ी

बीएसई में सूचीबद्ध कुल 2,370 शेयरों में गिरावट रही जबकि 1,784 शेयर बढ़कर बंद हुए और 155 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख के बाद वैश्विक सतर्कता बढ़ने से कारोबार सुस्त रहा।




## पंजाब एण्ड सिंध बैंक द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह वॉकथन का आयोजन

आज पंजाब एण्ड सिंध बैंक आंचलिक कार्यालय,नोएडा द्वारा आंचलिक प्रबंधक श्री महेश सभरवाल के नेतृत्व में सतर्कता जागरूकता सप्ताह वॉकथन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आंचलिक कार्यालय के सभी स्टाफ सहित कई शाखाओं के स्टाफ सदस्य उपस्थित हुए। वॉकथन के माध्यम से आम लोगों में भ्रष्टाचारमुक्त भारत का संदेश दिया गया। भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुपालन हेतु पीएसबी द्वारा पूरे सप्ताह (27 अक्टूबर से 2 नवंबर,2025) विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु होंगी मुख्य अतिथि

## पतंजलि विवि का द्वितीय दीक्षांत समारोह दो नवम्बर को होगा

हरिद्वार। पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार एक बार फिर ज्ञान, संस्कृति और साधना के संगम का साक्षी बनने जा रहा है। विश्वविद्यालय



अपने द्वितीय दीक्षांत समारोह की भव्य तैयारियों में जुटा हुआ है, जो आगामी 2 नवम्बर 2025 को विश्वविद्यालय के मुख्य सभागार में प्रातः 10:30 बजे आयोजित होगा। इस अवसर पर देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में पधारेंगी और विद्यार्थियों को प्रेरणादायी दीक्षांत संबोधन देंगी।

### 54 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण दिए जाएंगे

समारोह में पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामदेव तथा पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण अपने मार्गदर्शन और सान्निध्य से समारोह की गरिमा बढ़ाएँगे। इस अवसर पर उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित रहेंगे। समारोह में 54 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे, 62 शोधार्थियों को पीएच.डी., 3 विद्वानों को डी.लिट. की उपाधि दी जाएगी।

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई– निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 03250054 | व्हील टर्निंग इन्सर्ट 30 एम एम | 5840 नग | 25-11-25 |
| 02 | 19250805 | स्फेरी ब्लॉक फॉर टार्क आर्म / एक्सल | 2124 नग | 27-11-25 |
| 03 | 19255037 | कंप्यूटर कंट्रोल्ड ब्रेक सिस्टम | 2 सेट | 28-11-25 |
| 04 | 02251158A | स्क्रॉल कंप्रेसर थ्री फेज 415 | 217 नग | 28-11-25 |
| 05 | 02251855 | हाई कैपेसिटी इंटर वेहिकुलर कौपलेरस जेड एस कपलिंग 500 | 166 नग | 08-12-25 |
| 06 | 08255300 | 30 कोर X 1.5 एस क्यू एम एम केबल | 42 किलो मीटर | 08-12-25 |
| 07 | 03250990A | विनाइल कोटेड उपहोल्स्टरी फैब्रिक | 95420 मीटर | 09-12-25 |
| 08 | 19255055 | प्रोविशन ऑफ़ वैक्यूम सर्किट ब्रेकर | 68 NOS | 15-12-25 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं0 56/2025–2026 दिनांक 31.10.2025 3393/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्री गुरिंदर बीर सिंह, पुत्र स्व. श्री भगवान सिंह निवासी 262, भूतल, सीए अपार्टमेंट, ब्लॉक, ए-3, पश्चिम विहार, ज्वालाहेड़ी, दिल्ली** दूसरा पता **विजडम मार्ट (स्टेडी अब्रोड सेंटर) उत्तरी दिल्ली, 501, जीडीआईटीएल टॉवर, बी-08, बीकानेरवाला के पीछे, नेताजी सुभाष प्लेस, रिंग रोड, पीतमपुरा, नई दिल्ली** ने **सीसी नं.946/2015 एण्ड 7019/2016 धारा 138 एनआई एक्ट, थाना पश्चिम विहार पूर्वी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **श्री गुरिंदर बीर सिंह** मिल नही रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **श्री गुरिंदर बीर सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है **कि सीसी नं.946/2015 एण्ड 7019/2016 धारा 138 एनआई एक्ट, थाना पश्चिम विहार पूर्वी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **श्री गुरिंदर बीर सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए 05.12.2025 को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
पूनम सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (पश्चिम) (एनआई एक्ट)-04
कमरा नं.04, उप भवन-I, तीस हजारी कोर्ट्स, दिल्ली

DP/14701/OD/2025

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी हेतु सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/मालभाड़ा सेवाएँ, दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे के द्वारा रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी(एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022 के अनुसार दिल्ली मंडल के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (ndls) प्लेटफॉर्म 16 (अजमेरी गेट साइड) में अमानती–समानघर (कुल क्षेत्र 128.53 वर्ग मीटर) (आरओएमटी आधार पर) के प्रबंधन और संचालन हेतु आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियों के द्वारा दो (02) वर्ष के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण इस प्रकार है:


| क्र. सं. | ई–नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | संसाधन जिनकी नीलामी की जानी है: |
|---|---|---|
| 1 | 14.11.25 को प्रातः 12:00 बजे | नई दिल्ली रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म 16 (अजमेरी गेट साइड) पर अमानती घर (कुल क्षेत्र 128.53 वर्ग मीटर) (आरओएमटी आधार पर) के प्रबंधन और संचालन हेतु 02 (दो) वर्षों का अनुबंध। |

महत्वपूर्ण सूचनाः 4. ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को https://www.ireps.gov.in/ html/helpdesk/learning_centre.html. (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। 5. धरोहर राशि जमा (ईएमडी): नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 10% ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। 6. रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन अनुबंधों को शीघ्र समाप्त करने और/या स्थितियों के आधार पर संशोधित/अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन अनुबंधों को बंद करने/जारी रखने के संबंध में कोई निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है।

3397/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## शब्द पहेली - 6034




**बाएँ से दाए-**
1. पदमाकर, कमल सरोवर-5
4. इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6. देवस्थान, मंदिर-2
7. शिव आवास-3
8. उत्तम, सज्जन-2
10. पति, शोहर-3
11. दमकना-4
14. टीस, पीड़ा-3
16. झरने की आवाज-4
17. आशा, इच्छा-2
18. संध्या, शाम-2
19. निराकार, भगवान-4
21. बुझाना, शांति-3
22. अभिप्राय-4
24. आंचल-3
25. घोड़ागाड़ी-2
27. उष्ण-3
28. पिता के पिता-2
29. पंक्ति-3
30. तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**
1. कथा कहने वाला-5
2. चित, जी-2
3. कार्यशाला, यंत्रालय-4
4. माहिर, दक्ष-3
5. आकाश, गगन-2
7. कारावास-2
9. योग्य-3
12. अनुमान, अंदाज-3
13. झगड़ा, कहासुनी-4
15. मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16. पक्षियों का शोर-4
17. राहत, विश्राम -3
18. मुसीबत, आफत -3
20. होशियार, चेतावनी-5
21. नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23. मगरमच्छ-3
24. दर, मूल्य-2
26. भूमि, धरती-2
28. पिता के पिता-2

**शब्द पहेली -6033 का हल**





# भगवान पर अटूट आस्था से उबरने में मदद मिली : जेमिमा

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

अपने नाबाद शतक से भारत को वनडे विश्व कप फाइनल में ले जाने के बाद भावनाओं पर काबू पाने की कोशिश करते हुए जेमिमा रौड्रिग्स ने कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में हरमनप्रीत कौर के आउट होने के बाद उन्हें फिर से फोकस करने में मदद मिली।

दबाव में बेहतरीन पारी खेलते हुए जेमिमा ने 134 गेंद में नाबाद 127 रन बनाए, जिसकी मदद से भारत ने रिकॉर्ड 339 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आस्ट्रेलिया को हराया। अब फाइनल में सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। जेमिमा ने कहा,' मैं हैरी दी से कह रही थी कि हम दोनों को जीत तक ले जाना है।' उन्होंने कहा,' जब वह आउट हुई तो मुझे फिर से फोकस करने में मदद मिली क्योंकि थकान के कारण मेरी एकाग्रता टूट रही थी। हरमन के आउट होने के बाद मुझे लगा कि अतिरिक्त



जिम्मेदारी से खेलना होगा। मैंने खुद से कहा कि वह आउट हो गई है तो उसके लिए मैं ही रन बनाऊंगी , मुझे टिककर खेलना है।' जेमिमा ने कहा,' इससे मेरा फोकस फिर बना और मैं समझदारी से खेलने लगी।' जेमिमा ने कहा कि भगवान पर अटूट आस्था से उन्हें बेचैनी से उबरने में मदद मिली

### थकान के कारण खेले कुछ पेचीदा शॉट

जेमिमा ने कहा कि भगवान पर अटूट आस्था से उन्हें बेचैनी से उबरने में मदद मिली। उन्होंने कहा, 'मैं प्रार्थना कर रही थी। मैं खुद से बात कर रही थी क्योंकि काफी ऊर्जा खत्म हो चुकी थी । मैं थक गई थी और इसकी वजह से कुछ पेचीदा शॉट खेले। मैं सोच रही थी कि कैसे खेलूं। आक्रामक रहूं या अंत तक टिकी रहूं और मैंने सीखा कि अंत तक डटकर खेलना जरूरी था।' उन्होंने कहा,' मैं खुदा से बात कर रही थी क्योंकि मेरा मानना है कि मेरा उनसे निजी रिश्ता है और जब मैं खुद नहीं कर पाती तो वह मेरे लिए कर देते हैं।'

# हमारी टीम ऑस्ट्रेलियाई तेवरों के साथ नहीं खेल सकी : हीली

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने भारतीय स्टार जेमिमा रौड्रिग्स की बेमिसाल मानसिक दृढ़ता की तारीफ की और कहा कि महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में उनकी टीम आस्ट्रेलियाई तेवरों के साथ नहीं खेल सकी। हीली ने कहा,' हम चार या पांच ओवर बाकी रहते मैच में थे लेकिन क्रिकेट में मजेदार चीजें होती रहती है। अगर आप विरोधी टीम पर पर्याप्त दबाव नहीं बना सकते तो ऐसा होता है। जेमिमा ने शानदार पारी खेली।' उन्होंने कहा कि आस्ट्रेलियाई टीम ने कई गलतियां की, जो आम तौर पर टीम नहीं करती है।





### जेमिमा की मानसिक दृढ़ता बेमिसाल

एलिसा हीली ने कहा,'हमने कई बार जरूरत से ज्यादा खराब गेंदें फेंकी और शायद हमने जो मौके बनाए, उनका फायदा नहीं उठा पाए। हम आम तौर पर जितने आक्रामक होते हैं, उतने आक्रामक नहीं थे और यह आस्ट्रेलियाई टीम जैसा प्रदर्शन नहीं था। यह जानते हुए कि हमने इस विश्व कप में कितना अच्छा खेला है, मुझे निराशा हो रही है ।' उन्होंने कहा,'हमने उसे कुछ मौके दिए, जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा। उसने शानदार पारी खेली। उसकी मानसिक दृढ़ता बेमिसाल थी और उसे इसका पूरा श्रेय जाता है।' हीली ने कहा कि उनकी टीम ने जो कैच टपकाए , उससे मैच की तस्वीर बदल गई ।

## खबर संक्षेप




### शानदार प्रदर्शन, जेमिमा और हरमनप्रीत : तेंदुलकर

**नवी मुंबई।** सचिन तेंदुलकर ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जमकर तारीफ की है, जिसने महिला वनडे विश्व कप सेमीफाइनल में रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करके आस्ट्रेलिया पर यादगार जीत दर्ज की। तेंदुलकर ने जीत के बाद एक्स पर लिखा,'शानदार जीत। शानदार प्रदर्शन जेमिमा रौड्रिग्स और हरमनप्रीत कौर। श्री चरणी और दीप्ति शर्मा ने गेंदबाजी से मैच को जीवंत बनाए रखा।' उन्होंने आगे लिखा,' तिरंगे का परचम लहराते रहो।' स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने लिखा ,'आस्ट्रेलिया जैसे दमदार विरोधी के खिलाफ हमारी टीम की शानदार जीत। जेमिमा का बड़े मैच में शानदार प्रदर्शन। दृढता, विश्वास और जुनून का असल प्रदर्शन। शानदार टीम इंडिया।'

### अंडर-16 में रोनाल्डो के बेटे ने किया डेब्यू

**अंताल्या।** सुपरस्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बड़े बेटे ने पुर्तगाल की अंडर 16 टीम के लिए पदार्पण किया।



क्रिस्टियानिन्हो के नाम से मशहूर पंद्रह वर्ष के क्रिस्टियानो डोस सांतोस को तुर्की के खिलाफ फेडरेशंस कप टूर्नामेंट के मैच में 90वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतारा गया। पुर्तगाल ने यह मैच 2-0 से जीता। सउदी अरब में अल नासर की युवा अकादमी के लिए खेलने वाले क्रिस्टियानिन्हो को पहले पुर्तगाल की अंडर 15 टीम में भी शामिल किया गया था।

### नार्थ कोस्ट ओपन के क्वार्टर फाइनल में रतिका

**नई दिल्ली।** भारत की रतिका एस सीलान आस्ट्रेलिया में नॉर्थ कोस्ट ओपन स्क्वाश के महिला वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई।



सातवीं वरीयता प्राप्त तमिलनाडु की इस खिलाड़ी ने 6 हजार डॉलर ईनामी राशि के टूर्नामेंट में कीवी मैडेन ली को प्री क्वार्टर फाइनल में 9-11 11-8 11-8 11-2 से हराया। अब वह तीसरी वरीयता प्राप्त हांगकांग की बोबो लैम से खेलेंगी। इस बीच अंडोरा में पीएसए चैलेंजर 12 पियरे और वाकांस टूर्नामेंट में तन्वी खन्ना को तीसरी वरीयता प्राप्त नूर खफागी ने क्वार्टर फाइनल में हराया।

### गोलकीपर फ्रेडरिक का निधन

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के पूर्व गोलकीपर और म्युनिख ओलंपिक 1972 की कांस्य पदक विजेता टीम के सदस्य मैनुअल फ्रेडरिक का बेंगलुरू में निधन हो गया।



वह 78 वर्ष के थे और उनके परिवार में दो बेटियां हैं । वह पिछले दस महीने से प्रोस्टेट कैंसर से जूझ रहे थे। केरल के कन्नूर में 20 अक्टूबर 1947 को जन्मे फ्रेडरिक ओलंपिक पदक जीतने वाले प्रदेश के पहले खिलाड़ी थे। उनके अलावा केरल से पीआर श्रीजेश ने तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता है और वह भी हॉकी गोलकीपर रहे हैं।

## भारत को चार विकेट से हराकर ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला में 1-0 से आगे

# टीम इंडिया को 17 साल बाद मिली मेलबर्न में हार, अभिषेक की टी20 में छठी फिफ्टी

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

जॉश हेजलवुड की कमाल की बॉलिंग के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरे टी20 मुकाबले में चार विकेट से हरा दिया। मेलबर्न में खेले गए मैच में भारतीय बैटिंग 18.4 ओवर में 125 रन पर ढेर हो गई। अभिषेक शर्मा ने 68 रन की पारी खेलकर टीम को 100 के पार पहुंचा दिया। इस दौरान अभिषेक शर्मा ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना पहला अर्धशतक जड़ा। इसके साथ ही टीम इंडिया को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में 17 साल के बाद टी20 में हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले भारत मेलबर्न में आखिरी बार 2008 में टी-20 मैच हारा था। ऑस्ट्रेलिया ने कप्तान मिचेल मार्श के 46 रनों की पारी के दम पर 13.2 ओवर में ही जीत हासिल कर ली। भारत की तरफ से केवल अभिषेक और हर्षित राणा (35) ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके। इन दोनों के बाद सात रन के साथ अक्षर पटेल सर्वोच्च स्कोरर रहे। चार भारतीय बल्लेबाजों के खाते नहीं खुले। अभिषेक ने इस बीच जबरदस्त बैटिंग की। उन्होंने टी20 इंटरनेशनल में छठी फिफ्टी ठोकी और 37 गेंद में आठ चौकों व दो छक्कों से 68 रन की पारी खेली।



### 2008 में हारा था आखिरी बार

इसके साथ ही टीम इंडिया को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में 17 साल के बाद टी20 में हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले भारत मेलबर्न में आखिरी बार 2008 में टी-20 मैच हारा था। इस मैदान पर सबसे छोटे फॉर्मेट में टीम इंडिया का रिकॉर्ड काफी अच्छा रहा है। यहां भारत ने अब तक 7 मैच खेले हैं, जहां उन्हें 4 मैचों में जीत मिली है और दो में हार का सामना करना पड़ा। वहीं एक मैच का कोई नतीजा नहीं निकला था। टीम इंडिया ने इस मैदान पर ऑस्ट्रेलिया को दो बार और पाकिस्तान और जिम्बाब्वे को एक-एक बार हराया है।

### टूट गया सूर्या का विनिंग स्ट्रीक

इसके साथ ही टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव का भी लगातार 9 मैचों का विनिंग स्ट्रीक टूट गया। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया ने लगातार 9 मैचों में जीत दर्ज की है और अब 10वें मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए कप्तान के तौर पर लगातार सबसे ज्यादा मैच जीतने का रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम है। रोहित की कप्तानी में टीम इंडिया ने 2019-2022 तक लगातार 14 मैच जीते थे। उनके ही कप्तानी में टीम इंडिया ने 2024 में 11 मैच अपने नाम किए थे।

### साल्ट-सूर्यकुमार के क्लब में शामिल हुए अभिषेक

इस मैच में अभिषेक शर्मा ने अपना अर्धशतक 23 गेंदों पर पूरा किया और टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में ये 7वां मौका था जब उन्होंने अपना अर्धशतक 25 से कम गेंदों पर पूरे किए। टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में इससे पहले सूर्यकुमार यादव और फिल साल्ट ने 7-7 बार 25 से कम गेंदों पर अर्धशतक लगाने का कमाल किया था। अब अभिषेक शर्मा इन दोनों खिलाड़ियों की बराबरी पर आ गए।



अभिषेक ने इस मैच में 37 गेंदों पर 2 छक्के और 8 चौकों की मदद से 68 रन की पारी खेली। ये टी20आई में कंगारू टीम के खिलाफ उनका बेस्ट स्कोर भी रहा।

### मार्श-हेड की तूफानी बैटिंग

लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को पहले दो ओवर में रन जुटाने में दिक्कत हुई। लेकिन इसके बाद ट्रेविस हेड (28) और मार्श ने हाथ खोले। दोनों ने कुछ बड़े शॉट्स लगाते हुए पांचवें ओवर में टीम को 50 के पार पहुंचा दिया। खतरनाक अंदाज में खेल रहे हेड तीन चौके व एक छक्के से सजी पारी खेलकर वरुण चक्रवर्ती की गेंद को उड़ाते हुए बाउंड्री पर तिलक वर्मा के हाथों लपके गए। मार्श ने पावरप्ले के बाद भारतीय स्पिनर्स के आने पर गियर बदला। उन्होंने आठवें ओवर में कुलदीप यादव को निशाने पर लिया और दो चौके व दो छक्के लगाकर कुल 20 रन बटोरे। लेकिन आखिरी गेंद पर अभिषेक शर्मा को कैच दे बैठे। उन्होंने 46 रन की पारी खेली। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई मिडिल ऑर्डर लड़खड़ा गया. टिम डेविड (1), मैथ्यू शॉर्ट (0) सस्ते में निपट गए। हालांकि जॉश इंग्लिस (20) और मिचेल ऑवन (14) की छोटी लेकिन उपयोगी पारियों से टीम लक्ष्य के करीब पहुंच गई। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने 26 रन, चक्रवर्ती ने 23 और कुलदीप यादव ने 45 रन देकर दो-दो शिकार किए।

### भारत फिर हारा टॉस

टॉस के मामले में भारतीय कप्तान एक बार फिर से अनलकी रही। ऐसे में टीम इंडिया को पहले बैटिंग करने का मौका मिला। जॉश हेजलवुड ने पहली गेंद से बता दिया कि भारत के लिए मुश्किल होने वाली है। शुभमन गिल डीआरएस के चलते एलबीडब्ल्यू से बचे। लेकिन तीसरे ओवर में हेजलवुड ने उन्हें फंसा ही लिया। भारतीय टीम के उपकप्तान 10 गेंद में पांच रन बनाकर आउट हुए। संजू सैमसन तीसरे नंबर पर भेजे गए लेकिन दो रन बना पाए और नाथन एलिस की गेंद पर एलबीडब्ल्यू करार दिए गए।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| गिल का मार्श बो हेजलवुड | 05 | 10 | 0 | 0 |
| अभिषेक पगबाधा बो एलिस | 68 | 37 | 8 | 2 |
| सैमसन पगबाध बो एलिस | 02 | 04 | 0 | 0 |
| यादव का इंग्लिस बो हेजलवुड | 01 | 04 | 0 | 0 |
| तिलक का इंग्लिस बो हेजलवुड | 00 | 02 | 0 | 0 |
| अक्षर पटेल रन आउट | 07 | 12 | 0 | 0 |
| राणा का डेविड बो बार्टलेट | 35 | 33 | 3 | 1 |
| दुबे का इंग्लिस बो बार्टलेट | 04 | 02 | 1 | 0 |
| कुलदीप का सब बो स्टोइनिस | 00 | 05 | 0 | 0 |
| वरुण चक्रवर्ती नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |
| जसप्रीत बुमराह रन आउट | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 03, कुल योग : 18.4 ओवर में 125/10रन
गेंदबाजी : हेजलवुड 4-0-13-3, बार्टलेट 4-0-39-2, एलिस 3.4-0-21-2, स्टोइनिस 4-0-24-1, ओवेन 1-0-13-0, कुहनेमैन 2-0-14-0

| ऑस्ट्रेलिया | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मार्श का अभिषेक बो कुलदीप | 46 | 26 | 2 | 4 |
| हेड का तिलक बो चक्रवर्ती | 28 | 15 | 3 | 1 |
| इंग्लिस पगबाधा बो कुलदीप | 20 | 20 | 1 | 0 |
| डेविड का एवं बो चक्रवर्ती | 01 | 02 | 0 | 0 |
| ओवेन का सैमसन बो बुमराह | 14 | 10 | 0 | 1 |
| मार्कस स्टोइनिस नाबाद | 06 | 06 | 0 | 0 |
| मैथ्यू शॉर्ट बो बुमराह | 00 | 01 | 0 | 0 |
| जेवियर बार्टलेट नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11 , कुल योग : 13.2 ओवर में 126/6 रन
गेंदबाजी : जसप्रीत बुमराह 4-0-26-2, हर्षित राणा 2-0-27-0, वरुण चक्रवर्ती 4-0-23-2, कुलदीप यादव 3.2-0-45-2.

### म्हात्रे ने लगाया तूफानी अर्धशतक, टेस्ट में की टी20 जैसी बल्लेबाजी



**बेंगलुरु।** युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने इंडिया ए के लिए खेलते हुए साउथ अफ्रीका ए के खिलाफ पहले अनाधिकारिक टेस्ट में तूफानी अर्धशतक लगाया। बेंगलुरु में खेले जा रहे मुकाबले के दूसरे दिन उन्होंने 76 गेंद में 65 रन की पारी खेली, जिसमें 10 चौके शामिल रहे। आयुष म्हात्रे ने ओपनिंग करते हुए अर्धशतक का आंकड़ा तो केवल 46 गेंद में पार कर लिया। इस दौरान नौ चौके वे लगा चुके थे। तब भारत का स्कोर 64 रन था। उनके और साई सुदर्शन के बीच पहले विकेट के लिए 22 ओवर में 90 रन की साझेदारी हुई। इनमें से 65 रन अकेले म्हात्रे के थे। मुंबई से आने वाले इस बल्लेबाज को पहली बार इंडिया ए टीम में चुना गया है। उनकी उम्र केवल 18 साल है और इंडिया अंडर 19 टीम के साथ हाल ही में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नाकाम रहे थे। लेकिन सेलेक्टर्स ने भविष्य को देखते हुए म्हात्रे पर भरोसा जताया और उन्हें इंडिया ए में जगह दी। इस बल्लेबाज ने इस भरोसे को सही साबित किया और तेजी से रन जुटाए। अनाधिकारिक टेस्ट में वे टी20 स्टाइल में खेलते दिखे। दूसरी तरफ उनके सीनियर साथी सुदर्शन ने काफी समय लिया। उन्होंने जोखिम से दूरी बनाई। उन्होंने 94 गेंद में तीन चौकों से 32 रन की पारी खेली।

**आज से फिडे विश्व कप**

# प्रज्ञानानंदा, अर्जुन और गुकेश करेंगे छाप छोड़ने की कोशिश



एजेंसी ▶▶| पणजी

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा शनिवार से शुरू हो रहे फिडे विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दोहराने की कोशिश करेंगे, जिसमें दुनिया की शीर्ष तीन रैंकिंग में काबिज खिलाड़ी अनुपस्थित रहेंगे।

नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन के अलावा अमेरिका के हिकारु नाकामुरा और फैबियानो कारुआना की जोड़ी इस टूर्नामेंट में नहीं खेलेगी। विश्व चैंपियन गुकेश और अर्जुन एरिगेसी 20 लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे।

पर सबसे अहम चीज यह है कि इस टूर्नामेंट से 2026 फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए तीन क्वालीफिकेशन स्थान सुनिश्चित होंगे। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से अगले साल होने वाले विश्व चैंपियनशिप मैच का खिलाड़ी तय होगा।

### गोवा में 80 देशों के 206 शीर्ष शतरंज खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

गोवा में अगले चार हफ्तों तक 80 देशों के 206 शीर्ष शतरंज खिलाड़ी आठ दौर वाले एकल एलिमिनेशन नॉकआउट टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। प्रत्येक मैच में निश्चित समय में दो क्लासिकल बाजियां होंगी। अगर क्लासिकल बाजियों के बाद स्कोर बराबर रहता है तो खिलाड़ी तीसरे दिन रैपिड और ब्लिट्ज टाई-ब्रेक की एक श्रृंखला खेलेंगे, जिससे यह तय होगा कि कौन आगे बढ़ेगा। भारत के शीर्ष तीन खिलाड़ियों में गुकेश विश्व चैंपियन हैं और उन्हें अगले साल के अंत में विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने के लिए कैंडिडेट्स चक्र से गुजरने की जरूरत नहीं है, जिससे उन पर दबाव कम होगा। प्रज्ञानानंदा की अगले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह लगभग पक्की है जबकि एरिगेसी अगले साल की शुरुआत में होने वाले इस टूर्नामेंट में जगह बनाने की कोशिश में जुटे हैं।


### आईजीपीएल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे अमन राज

**कोलकाता।** गोल्फर अमन राज ने टॉलीगंज गोल्फ क्लब में आईजीपीएल आमंत्रण टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की, जिससे वह आईजीपीएल ऑर्डर ऑफ मेरिट में भी शीर्ष पर पहुंच गए। अमन इस तरह गगनजीत भुल्लर के बाद इस सत्र में कई टूर्नामेंट जीतने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए। साथ ही अमन पांच टूर्नामेंट से 50 लाख रुपए की कमाई करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। अमन (68) ने 17 वर्षीय वीर गणपति को पछाड़ते हुए खिताब जीता। उन्होंने पिछले हफ्ते जयपुर में भी खिताब जीता था।

# संधू को प्लेऑफ में हराकर शौर्य ने जीता खिताब

एजेंसी ▶▶| पुणे

तीसरे दौर के बाद दो शॉट से पिछड़ रहे गोल्फर शौर्य भट्टाचार्य ने प्रबल दावेदार युवराज संधू को पूना क्लब ओपन के प्लेऑफ में हराकर जीत हासिल की। शौर्य (69-63-67-64) ने अंतिम दौर में सात अंडर 64 का शानदार स्कोर बनाया और यह दिन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी रहा। उन्होंने कुल 21 अंडर 263 का स्कोर बनाया और प्लेऑफ में बर्डी लगाकर युवराज को पछाड़ दिया। इस तरह शौर्य ने इस सत्र का दूसरा और कुल मिलाकर तीसरा खिताब था।



इस जीत से उन्हें 15 लाख रुपये का चेक मिला और उन्होंने पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में अपना चौथा स्थान मजबूत किया। उनकी इस सत्र की में उनकी कमाई 83,02,392 रुपए हो गई। संधू (65-67-65-66) का भी कुल स्कोर 21 अंडर 263 रहा। उन्होंने चौथे दौर में 66 का कार्ड खेला। लेकिन प्लेऑफ में हारकर उप विजेता रहे। वीर अहलावत और शिवेंद्र सिंह सिसोदिया 12 अंडर 272 से संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे।

# उन्नति सेमीफाइनल में, लक्ष्य, जॉर्ज और आयुष का अभियान समाप्त

भाषा ▶▶| सारब्रेकन (जर्मनी)

भारतीय शटलरों के लिए शुक्रवार को हाइलो ओपन में दिन मिला-जुला रहा जिसमें उभरती हुई स्टार उन्नति हुड्डा सेमीफाइनल में पहुंच गईं लेकिन लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी और किरण जॉर्ज तीनों का अभियान पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में हार के साथ समाप्त हुआ। विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर काबिज उन्नति ने चौथी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे की सियांग टी लिन को 47 मिनट में 22-20, 21-13 से हराकर उलटफेर किया जिससे भारतीय शटलर ने इस साल मई में मलेशिया मास्टर्स में इसी प्रतिद्वंद्वी से मिली हार का बदला ले लिया। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई पुत्री कुसुमा



वर्दानी और अजरबेजान की कीशा फातिमा अज्जाहरा के बीच होने वाले दूसरे क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा। सेन ने पुरुष एकल में फ्रांस के चौथे वरीय एलेक्स लैनियर के खिलाफ शुरुआती गेम हारने के बाद वापसी की, लेकिन अंततः एक घंटे 14 मिनट तक कड़ी टक्कर देने के बाद 17-21, 21-14, 15-21 से हार गए। इस सत्र में लैनियर के खिलाफ सेन की यह दूसरी हार थी, इससे पहले वह इसी महीने डेनमार्क ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी इसी फ्रांसीसी खिलाड़ी से हार चुके हैं। वहीं शेट्टी ने फिनलैंड के काल्ले कोलजोनेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में बढ़त बनाई लेकिन 68 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 21-19, 12-21, 20-22 से हार गए। दिलचस्प बात यह है कि शेट्टी ने 2024 में इसी टूर्नामेंट में इसी प्रतिद्वंद्वी को हराया था। किरण जॉर्ज का अभियान भी क्वार्टरफाइनल में हारकर खत्म हो गया। वह दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी और दूसरे वरीय इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से 39 मिनट में 16-21, 10-21 से हार गए।

## कोपा डेल रे के पहले दौर के मैचों में नहीं हुआ कोई बड़ा उलटफेर

# एस्पेनयोल ने एटलेटिक लिडा को 2-1 से हराया

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

कोपा डेल रे के पहले दौर के मैचों के तीसरे दिन कोई बड़ा उलटफेर देखने को नहीं मिला। एक ओर एस्पेनयोल ने एटलेटिक लिडा को हराया, तो दूसरी तरफ लेवांटे ने जीत दर्ज की। एस्पेनयोल ने स्पेनिश खेल के चौथे टियर में खेलने वाली एटलेटिक लिडा के खिलाफ 2-1 से जीत दर्ज की। इस टीम के लिए दोनों गोल किके गार्सिया ने दागे।

किके ने दूसरे मिनट में पेनाल्टी के साथ स्कोरिंग की शुरुआत की, लेकिन एटलेटिक लिडा ने एल्डो वन की बदौलत तीन मिनट बाद ही स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद किके ने हाफटाइम से ठीक पहले एस्पेनयोल को फिर से बढ़त दिलाई, लेकिन शीर्ष स्तर की टीम को अंतिम मिनटों में तनावभरे पलों का सामना करना पड़ा।





### सेल्टा विगो ने किया दूसरे दौर में प्रवेश

वहीं, सेल्टा विगो ने कमजोर प्यूर्टो डी वेगा को 2-0 से शिकस्त देकर दूसरे दौर में आसानी से प्रवेश कर लिया है। रियल बेटिस को भी पाल्मा डेल रियो के खिलाफ 7-1 से जीत हासिल करने में कोई दिक्कत नहीं हुई। कोपा का दूसरा दौर 2 से 4 दिसंबर के बीच खेला जाएगा।

### लेवांटे ने ओरिहुएला के खिलाफ 4-3 से दर्ज की जीत

एक अन्य मैच में लेवांटे ने चौथे टियर के ओरिहुएला के खिलाफ 4-3 से जीत दर्ज की। यह 7 गोल वाला एक रोमांचक मैच रहा। उनाई एल्गेजाबल और जोस लुइस मोरालेस के गोल ने 11 मिनट में ही लेवांटे को मुकाबले में 2-0 से आगे कर दिया था। शीर्ष स्तर की टीम के लिए यह मुकाबला आसान लग रहा था, लेकिन इसी बीच जेवियर सोल्सोना की पेनाल्टी ने ओरिहुएला को मैच में वापस ला दिया। कार्लोस एस्पी ने 48वें मिनट में गोल दागते हुए लेवांटे को फिर से 2 गोल की बढ़त दिलाई, लेकिन गोंजालो मिरांडे ने तीन मिनट बाद ही लेवांटे की बढ़त फिर से कम कर दी। हेक्टर अयोडेले ने आखिरी मिनट में गोल दागते हुए स्कोर 3-3 पर पहुंचा दिया, लेकिन एस्पी ने 92वें मिनट में विजयी गोल करके लेवांटे को जीत दिलाई।

### सरदार पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर आयोजित किए गए एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोले सेनाप्रमुख

# आधुनिक युग में युद्ध बुद्धि, तकनीक और नैतिक तैयारी के दम पर लड़े जाएंगे: जनरल द्विवेदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तेजी से बदलते युद्ध के स्वरूप और पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ पश्चिमी सीमा पर जारी सुरक्षा चुनौती के बीच सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शुक्रवार को आगाह करते हुए कहा कि आधुनिक दौर में लड़ाई केवल हथियारों के बलबूते पर नहीं लड़ी जा सकती है। बल्कि इसमें बुद्धि, तकनीक, सैन्य ताकत और नैतिक रूप से की गई तैयारी की भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होगी। ऐसा इसलिए होगा। क्योंकि अब युद्ध तेजी के साथ गैर-संपर्क वाले और अति-घातक होते जा रहे हैं। जिनकी वजह से उनके साथ आ रहे बहुआयामी कारक एक ऐसे जवाबी प्रतिक्रिया की मांग को बढ़ा रहे हैं, जो उक्त कारकों पर आधारित हो। राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सीमा पर तैनात जवानों से ही संबंधित नहीं है। बल्कि इसका सरोकार हमारे नागरिकों और युवाओं से भी है।

सेनाप्रमुख ने यह जानकारी सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती यानी एकता दिवस के मौके पर 31 अक्टूबर को राजधानी के मानेकशॉ केंद्र में आयोजित किए गए यंग लीडर्स फोरम नामक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दी है। जिसका आयोजन सेना और थिंक टैंक



सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज (सीएलएडब्ल्यूएस) द्वारा किया गया था। चाणक्य की शिक्षाओं को याद करते हुए उन्होंने कहा कि बढ़ती हुई ताकत अनिवार्य रूप से हमें बराबरी वाले गठबंधन करने के लिए उकसाती है। उन्होंने युवाओं से देश के सामरिक-सुरक्षा ढांचे, विचार समूहों (थिंक टैंक) और प्रयोगशालाओं का हिस्सा बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी सैन्य अधिकारियों, रक्षा विशेषज्ञों और युवाओं को संबोधित किया। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान नई दिल्ली में मीडिया ब्रीफिंग करने वाली महिला सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी भी कार्यक्रम में मौजूद रही। जनरल द्विवेदी ने कार्यक्रम के दौरान ये घोषणा भी की चाणक्य डिफेंस संवाद-25 का तीसरा संस्करण 27 से 28 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। जिसकी थीम सुधार से बदलाव: सशक्त और सुरक्षित भारत होगी।

## मौजूद है आतंकवाद का खतरा

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि तेजी से बदलती युद्ध के परिदृश्य के मध्य जवाब देना आवश्यक हो जाता है। जनरल द्विवेदी ने बताया कि हमारे पास करीब ढाई मोर्चे पर परंपरागत शत्रुआ के अलावा कपटपूर्ण खतरे मौजूद हैं। साथ ही आतंकवाद, छद्म युद्ध और आंतरिक खतरे भी जस के तस बने हुए हैं। इन सबसे इतर सबसे महत्वपूर्ण यह है कि दुष्प्रचार अभियान हमारे सामाजिक ढांचे को तोड़ रहा है। यह फाइबर केबल, स्क्रीन पर लगे हुए फिलिकर्स और कक्षाओं में आगे बढ़ने वाले विचार हैं। जिसका जवाब निश्चित रूप से हथियारों के जरिए नहीं दिया जा सकता है। बहुआयामी चुनौतियों, राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्र निर्माण के लिए संपूर्ण देश की भावना और भूमिका की दरकार है। जो कि प्रशासन, उद्योग, अकादमिक जगत और सामाजिक संगठन सामूहिक प्रतिबद्धता को बल प्रदान करता है। सेनाध्यक्ष ने कहा कि बीते समय में हुए ऑपरेशन सिंदूर में कई युवाओं का योगदान रहा है। जिसमें एनसीसी कैडेट, सिविल डिफेंस, ड्रोन लैब और सोशल मीडिया योद्धा मुख्य हैं। देश की लगभग 65 फीसदी आबादी 25 से 35 वर्ष की है। एक ऐसा देश जो न केवल युवा है। बल्कि जिसके पास काफी ऊर्जा, विचार, रचनात्मकता और साहस मौजूद है। उन्होंने स्वदेशी कुशल मानव संसाधन को देश की शक्ति का एक महत्वपूर्ण उपकरण करार दिया।

## यूं बदल गए युद्ध के मायने

सेनाप्रमुख के मुताबिक, आज पारंपरिक युद्ध की परिभाषा पूरी तरह से बदल गई है। जिसके पीछे साइबर और सूचना युद्ध के साथ ही अंतरिक्ष आधारित क्षमताओं की जरूरी भूमिका है। राष्ट्रीय सुरक्षा में सामरिक संतुलन को लेकर की जाने वाली तैयारी, सुरक्षा और जवाबी प्रतिक्रिया या कार्यवाही से बचाव जैसे पहलू शामिल हैं। चुनौतियों से इतर हालांकि हमारे पास बहुतायत में अवसर मौजूद हैं। जिसमें दुनियाभर में मौजूद युवा आबादी की बड़ी तादाद, परिवर्तनकारी तकनीक और सामरिक रणनीति मुख्य हैं। विश्व में सबसे अधिक युवाओं की तादाद को लेकर सेनाप्रमुख का इशारा जेन-जेड को लेकर था। उन्होंने कहा कि ये दुनिया में सबसे ज्यादा हमारे देश में हैं। वहीं, भारतीय सेना दुनिया में दूसरी सबसे बड़ी सेना है। उन्होंने चुटीले अंदाज में कहा कि संख्या के मामले में जेन-जेड सेना से भी आगे है और ये सभी नए युद्ध क्षेत्रों से वाकिफ हैं, डिजिटल-सामाजिक रूप से तैयार और विश्व से जुड़े हुए हैं।

---

**खबर संक्षेप**

### जोधपुर में तीन संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार



**जोधपुर।** राजस्थान के जोधपुर में एटीएस और आईबी ने कई जगहों पर छापेमारी की। आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) और इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) की संयुक्त कार्रवाई में तीन कथित आतंकवादियों को हिरासत में लिया गया है। पकड़े गए संदिग्धों पर अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठनों से जुड़ाव और फंडिंग नेटवर्क से संपर्क होने के संदेह हैं। स दौरान दो संदिग्ध जोधपुर में और एक जैसलमेर में पकड़ा गया।

### सफल रहा कैलिब्रेशन फ्लाइट ट्रायल



**नई दिल्ली।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर पर हवाई परिचालन की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज हुई है। शुक्रवार को एयरपोर्ट के रनवे पर एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की कैलिब्रेशन फ्लाइट ने सफलतापूर्वक लैंडिंग की। यह ट्रायल नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) की निगरानी में संपन्न हुआ। इस फ्लाइट ट्रायल के दौरान एयरपोर्ट के आईएलएस (इंटीग्रेटेड लैंडिंग सिस्टम), कम्युनिकेशन सिस्टम और नेविगेशन उपकरणों की बारीकी से जांच की गई।

---

### सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर पीएम मोदी बोले

# पटेल का भारत सुरक्षा और सम्मान से कभी भी 'समझौता' नहीं करेगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर गुजरात के एकता नगर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ये लौहपुरुष सरदार पटेल का भारत है, जो सुरक्षा और सम्मान से कभी समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि यह गर्व और प्रेरणा का पल है। हमने संकल्प लिया है कि हम ऐसे कार्यों को बढ़ावा देंगे, जो देश की एकता को मजबूती दें। पीएम मोदी ने कहा कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती के ऐतिहासिक अवसर पर एकता नगर में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान हम सभी एक महान क्षण के साक्षी बन रहे हैं। देशभर में हो रही 'रन फॉर यूनिटी' में कोटि-कोटि भारतीयों का उत्साह है। हम नए भारत की संकल्प शक्ति को महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज सरदार पटेल की जयंती का दिन स्वाभाविक रूप से राष्ट्रीय एकता का महापर्व बन गया है। जिस तरह हम 140 करोड़ देशवासी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाते हैं, वैसे ही एकता दिवस का महत्व हमारे लिए प्रेरणा और गर्व का पल है।

देश की एकता को कमजोर करने वालों से दूरी बनाएं, ये राष्ट्रीय कर्तव्य

नेहरू ने कश्मीर को अलग संविधान और निशान से बांट दिया

### इतिहास बनाने के लिए मेहनत करें



वल्लभभाई पटेल की मूर्ति पर पीएम नरेंद्र मोदी ने पुष्पांजलि अर्पित की

*पीएम मोदी ने कहा कि सरदार पटेल मानते थे कि इतिहास लिखने में समय नहीं गंवाना चाहिए, हमें तो इतिहास बनाने के लिए मेहनत करनी चाहिए। उनकी ये भावना हमें उनकी जीवनगाथा में दिखाई देती है। सरदार साहब ने जो नीतियां बनाई, जो निर्णय लिए, उन्होंने नया इतिहास रचा। आजादी के बाद 562 रियासतों को साथ जोड़ने के असंभव कार्य को सरदार साहब ने संभव करके दिखाया। एक भारत-श्रेष्ठ भारत का विचार उनके लिए सर्वोपरि था। पीएम मोदी ने देशवासियों से आग्रह किया कि हर ऐसी बात जो देश की एकता को कमजोर करती है, हर देशवासी को उससे दूर रहना है। उन्होंने कहा कि ये राष्ट्रीय कर्तव्य है, ये सरदार साहब को सच्ची श्रद्धांजलि है। यही आज देश की जरूरत है। यही आज एकता दिवस का हर भारतीय के लिए संदेश भी है, संकल्प भी है।"*

### देश की संप्रभुता को लेकर पूर्व की सरकारें गंभीर नहीं

कश्मीर का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि सरदार साहब ने देश की संप्रभुता को सबसे ऊपर रखा, लेकिन दुर्भाग्य से सरदार साहब के निधन के बाद के वर्षों में देश की संप्रभुता को लेकर तब की सरकारों में उतनी गंभीरता नहीं रही। एक ओर कश्मीर में हुई गलतियां, दूसरी ओर पूर्वोत्तर में पैदा हुई समस्याएं और देश में जगह-जगह पनपा नक्सलवाद-माओवादी आतंक, ये देश की संप्रभुता को सीधी चुनौतियां थीं, लेकिन उस समय की सरकारों ने सरदार साहब की नीतियों पर चलने की जगह रीढ़विहीन रवैये को चुना। इसका परिणाम देश ने हिंसा और रक्तपात के रूप में झेला।

#### भारत में रह रहे हर घुसपैठिए को निकालेंगे

पीएम मोदी ने कहा कि अब देश ने पहली बार इस बड़े खतरे के खिलाफ भी निर्णायक लड़ाई लड़ने की ठानी है। लाल किले से मैंने 'डेमोग्राफी मिशन' का ऐलान किया। उन्होंने यह भी कहा कि ये लौहपुरुष सरदार पटेल का भारत है। ये अपनी सुरक्षा और सम्मान से कभी समझौता नहीं करेगा। राष्ट्रीय एकता दिवस पर संकल्प यह भी है कि हम भारत में रह रहे हर घुसपैठिए को निकालकर ही रहेंगे।

#### कश्मीर पर कांग्रेस की गलती से देश दशकों तक जलता रहा

*पीएम मोदी ने कहा कि सरदार साहब चाहते थे कि जैसे उन्होंने बाकी रियासतों का विलय किया, वैसे ही कश्मीर का विलय हो, लेकिन, नेहरू जी ने उनकी वह इच्छा पूरी नहीं होने दी। कश्मीर को अलग संविधान और अलग निशान से बांट दिया गया। कश्मीर पर कांग्रेस ने जो गलती की थी, उसकी आग में देश दशकों तक जलता रहा। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की लचर नीतियों के कारण कश्मीर का एक हिस्सा पाकिस्तान के कब्जे में चला गया। पाकिस्तान ने आतंकवाद को हवा दी। राज्य प्रायोजित आतंकवाद की कश्मीर और देश को बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ी, लेकिन फिर भी कांग्रेस हमेशा आतंकवाद के आगे नतमस्तक रही।*

---

**एलएंडटी और जीए-एएसआई ने की पार्टनरशिप**

## सेना के लिए भारत में ही अब बनेंगी आधुनिक मानवरहित विमान प्रणाली



जीए-एएसआई कंपनी का एमक्यू-9बी श्रृंखला वाला ड्रोन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) और अमेरिका की जनरल एटॉमिक्स एयरोनॉटिकल सिस्टम्स इंक (जीए-एएसआई) ने मिलकर एक रणनीतिक पार्टनरशिप का ऐलान किया है। ये दोनों कंपनियां अब भारत में मीडियम ऑल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस (एमएएलई) रिमोटली पाइलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम्स (आरपीएएस) बनाएंगी, जो भारतीय सेना के लिए होंगे। आसान शब्दों में अत्याधुनिक मानवरहित विमान प्रणाली का निर्माण करेंगी। ये हाई टेक ड्रोन जो ऊंचाई पर घंटों उड़कर निगरानी करते हैं और जरूरत पड़े तो हमला भी कर सकते हैं, अब पूरी तरह भारत में ही बनेंगे। जीए-एएसआई दुनिया में एडवांस्ड अनमैन्ड एरियल सिस्टम्स की ग्लोबल लीडर है।

#### एलएंडटी रक्षा मंत्रालय के कार्यक्रम में लेगी हिस्सा

कंपनी ने बयान में कहा कि इस गठजोड़ के तहत एलएंडटी की इंजीनियरिंग, सटीक विनिर्माण और डिफेंस-एयरोस्पेस सेक्टर में सिस्टम इंटीग्रेशन की विशेषज्ञता व जीएएएसआई की परिचालन क्षमता का उपयोग किया जाएगा। कंपनी ने कहा कि इस साझेदारी के तहत एलएंडटी रक्षा मंत्रालय के आगामी 87 एमएएलई आरपीएएस कार्यक्रम में भाग लेगी, जहां एलएंडटी प्रमुख बोलीदाता होगी और जीए-एएसआई प्रौद्योगिकी साझेदार होगी।

**एलएंडटी को प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण होगा:** एलएंडटी की ताकत डिफेंस और एयरोस्पेस में इंजीनियरिंग, प्रिसीजन मैन्युफैक्चरिंग और सिस्टम इंटीग्रेशन है। दोनों मिलकर कॉम्बैट प्रूवन एमएएलई आरपीएएस प्लेटफॉर्म्स डिलीवर करेंगे, जो पूरी तरह भारत में बने होंगे। इस प्रोग्राम में टेक्नोलॉजी ट्रांसफर होगा।

#### एमक्यू-श्रृंखला आरएपीएस का उत्पादन संभव

इस सहयोग से जीए-एएसआई के एमक्यू-श्रृंखला आरएपीएस का उत्पादन संभव हो सकेगा, जो युद्ध में सिद्ध हैं। ये विमान विश्व भर में व्यापक रूप से कार्यरत हैं व निगरानी और हमले के अभियानों में लाखों घंटे उड़ान भर चुके हैं। एलएंडटी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एसएन सुब्रह्मण्यन ने कहा कि यह साझेदारी भारत को स्वदेशी रूप से अत्याधुनिक मानवरहित प्लेटफार्मों के निर्माण का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है। यह गठबंधन भारत की रक्षा क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा और एयरोस्पेस प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता को आगे बढ़ाएगा।

---

## खरगे ने नेहरू और सरदार पटेल के बीच मतभेद के मनगढ़ंत भाजपा के दावों की खोली पोल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा आरएसएस पर लगाए गए प्रतिबंध की याद दिलाते हुए कहा कि उनकी व्यक्तिगत राय में फिर से संघ पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए, क्योंकि देश में ज्यादातर कानून-व्यवस्था की समस्याएं भाजपा-आरएसएस की वजह से पैदा हो रही हैं। यह बात खरगे ने शुक्रवार को नई दिल्ली में पटेल की 150वीं जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के 41वें बलिदान दिवस के अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में कही। इस मौके पर पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश भी मौजूद थे। दोनों महान नेताओं को श्रद्धांजलि देते हुए खरगे ने कहा कि



'आयरन मैन' सरदार पटेल ने देश को एकजुट किया, जबकि 'आयरन लेडी' इंदिरा गांधी ने उस एकता को बनाए रखने के लिए अपना बलिदान दिया। यह कांग्रेस का इतिहास और देश के प्रति उसका योगदान है। खरगे ने पटेल के उन बयानों का हवाला दिया, जिनमें उन्होंने महात्मा गांधी की हत्या के लिए आरएसएस द्वारा फैलाए गए सांप्रदायिकता के ज़हर को ज़िम्मेदार ठहराया था। उन्होंने पटेल द्वारा 1948 में श्यामाप्रसाद मुखर्जी और गुरु गोलवलकर को लिखे गए पत्रों का उल्लेख किया।

#### जो सच है, वह हमेशा जीवित रहेगा

खरगे ने मोदी सरकार पर इतिहास को तोड़ मोड़कर पेश करने और बदलने का प्रयास करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने हाल ही में एनसीआरईटी की किताबों से गांधी, गोडसे, आरएसएस और 2002 के गुजरात दंगों से जुड़े अंशों को हटाए जाने का जिक्र किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि जो सच है, वह हमेशा जीवित रहेगा और तमाम कोशिशों के बावजूद वह मिटेगा नहीं।खरगे ने बताया कि सरकारी कर्मचारियों के आरएसएस और जमात-ए-इस्लामी जैसे संगठनों से जुड़ाव पर रोक लगा दी गई थी। उन्होंने कहा कि 9 जुलाई 2024 को मोदी सरकार ने यह प्रतिबंध हटा दिया, जिससे अब सरकारी कर्मचारियों को आरएसएस की गतिविधियों से जुड़ने की अनुमति मिल गई है।

---

**भारत से दुश्मनी पड़ रही महंगी**

## दुबई से भारतीय चावल महंगे दाम में खरीद रही है बांग्लादेश की सरकार

एजेंसी ▶▶ ढाका

मोहम्मद यूनुस के बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का प्रमुख बनने के बाद से ही नई दिल्ली और ढाका के बीच संबंधों में खटास आ गई। इसके बाद भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ कई कड़े एक्शन लिए। अब बांग्लादेश को महंगे दाम में चावल खरीदना पड़ रहा है। वह अब दुबई के जरिए भारत का ही चावल महंगी कीमत पर लेना पड़ रहा है। बांग्लादेश के खाद्य विभाग ने इस बात की पुष्टि की है कि वह जो चावल दुबई से खरीद रहा है, वह असल में भारतीय ही है। ऐसे में बांग्लादेश के हैरान लोगों ने भी सवाल खड़े किए हैं कि आखिर में भारत का चावल, भारत के बजाए



अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस

दुबई से क्यों खरीदा जा रहा। यह तो पैसों की बर्बादी है। बांग्लादेश के वित्त मंत्रालय के अनुसार 50,000 टन पारबॉयल्ड चावल म्यांमार से और 50,000 टन नॉन-बासमती पारबॉयल्ड चावल दुबई से आएगा, जिसकी कुल कीमत 323 करोड़ होगी। दुबई के जरिए चावल इंपोर्ट करने पर एक्स्ट्रा खर्च आ रहा है, जो जनता के पैसे की बर्बादी है। दुबई भारत से चावल इंपोर्ट करता है।

---

## तीनों सेनाओं को बड़ा युद्धाभ्यास 'त्रिशूल 2025' शुरू



**नई दिल्ली।** भारत ने गुरुवार से अपने तीनों सैन्य बलों – थलसेना, नौसेना और वायुसेना – के साथ मिलकर 'त्रिशूल 2025' नाम का एक बहुत बड़ा युद्ध अभ्यास शुरू किया है। यह अभ्यास गुजरात और राजस्थान के इलाकों में हो रहा है। अभ्यास 10 नवंबर तक चरणबद्ध तरीके से चलेगा। मुख्य गतिविधियां गुजरात के कच्छ क्षेत्र में केंद्रित हैं, जो पाकिस्तान के साथ सर क्रीक सीमा के पास एक संवेदनशील जगह है। अभ्यास में थलसेना टी-90 टैंक, ब्रह्मोस और आकाश मिसाइल सिस्टम, साथ ही प्रचंड अटैक हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल कर रही है। वायुसेना राफेल और सुखोई सु-30 लड़ाकू विमान, सी गार्जियन और हेरॉन ड्रोन का उपयोग करेगी। नौसेना कोलकाता-क्लास डेस्ट्रॉयर, नीलगिरी-क्लास फ्रिगेट और तेज हमला करने वाली नावें समुद्री अभ्यास में शामिल होंगी।

---

### भारतीय नौसेना 15 से 25 फरवरी 2026 तक करेगी तीन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की मेजबानी

# टैरिफ संकट के बीच.. भारत की जमीन पर होगा अमेरिका-रूस की नौसेनाओं का आमना-सामना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

टैरिफ की चुनौती की वजह से दुनियाभर में मची हुई गंभीर उथल-पुथल के बीच अगले साल 15 से 25 फरवरी 2026 तक भारतीय नौसेना विशाखापट्टनम में तीन बड़े महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की मेजबानी करेगी। जिसमें अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू, मालाबार युद्धाभ्यास और इंडियन ओसियन नेवल सिंपोजियम शामिल हैं।

नौसेना द्वारा शुक्रवार को राजधानी में आयोजित किए गए एक कार्यक्रम में अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती दो कार्यक्रमों में अमेरिका और रूस



सहित दुनियाभर के देशों की 50 से अधिक नौसेनाओं की भागीदारी देखने को मिलेगी। वहीं, टैरिफ संकट के बीच यह पहला ऐसा मौका होगा। जब भारत की जमीन पर अमेरिका और रूस की नौसेनाएं आमने-सामने होंगी। चीन, तुर्किये और पाकिस्तान की नौसेनाओं को इन दोनों कार्यक्रमों के लिए भारत की तरफ से आमंत्रित नहीं किया गया है। वहीं, अनिश्चित भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच इन कार्यक्रमों का आयोजन देश की बढ़ती हुई समुद्री ताकत के प्रदर्शन के लक्ष्य से जुड़ा हुआ है। नौसेना के कार्यक्रम में उप-नौसेनाध्यक्ष वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन भी मौजूद थे।

#### गुआम में होगा मालाबार युद्धाभ्यास

अधिकारियों ने बताया कि मालाबार युद्धाभ्यास नवंबर महीने में गुआम में आयोजित किया जाएगा। जबकि अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू की थीम यूनाइटेड थ्रू ओसियंस रखी गई है। जिसकी शुरुआत 18 फरवरी 2026 को होगी और मिलन युद्धाभ्यास 19 से 25 फरवरी 2026 तक चलेगा। फ्लीट रिव्यू में भारतीय नौसेना का स्वदेश में निर्मित जंगी युद्धपोत आईएनएस विक्रांत, कलवरी श्रेणी की पनडुब्बी अन्य जंगी साजो सामान के साथ भाग लेगा। फ्लीट रिव्यू में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शिरकत करेंगी और उनके अलावा इसमें भारत के साथ ही कई अन्य देशों की नौसेनाओं के युद्धपोत शामिल होंगे। यहां बता दें कि भारत करीब एक दशक से अधिक के अंतराल के बाद फ्लीट रिव्यू की मेजबानी करने जा रहा है। 2001 में मुंबई में सबसे पहले रिव्यू की मेजबानी भारत द्वारा की गई थी। जबकि दूसरा 2016 में विशाखापट्टनम में आयोजित किया गया था।

#### नेवल सिंपोजियम के असल मायने

वाइस एडमिरल वात्स्यायन ने कहा कि अगले साल 20 फरवरी को नेवल सिंपोजियम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नौसेना को संगठन की 2026 से 28 तक की अध्यक्षता मिलेगी। फ्लीट रिव्यू भारत को 18वीं शताब्दी के उस कालखंड से जोड़ता है। जिसमें मराठाओं का फ्लीट रिव्यू कोंकण तट पर आयोजित किए जाने की परंपरा थी। जो कि देश की समुद्री शक्ति की बुनियाद का प्रमाण प्रस्तुत करता है। आजादी के बाद इस परंपरा की समीक्षा की गई। जब देश के पहले राष्ट्रपति डॉ.राजेंद्र प्रसाद ने 1953 में पहले प्रेजीडेंट फ्लीट रिव्यू का आयोजन किया था। जिसके बाद करीब दस ऐसे आयोजन हुए हैं। वरिष्ठ नौसैन्य अधिकारी ने ये भी कहा कि फ्लीट रिव्यू और मिलन युद्धाभ्यास विश्व स्तर पर समुद्री सुरक्षा, एकता और सहयोग को बढ़ावा देने में मददगार साबित होंगे। मालदीव में चीन के एक जहाज के दौरे के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना हिंद महासागर में चीन के प्रत्येक जहाज पर कड़ी निगरानी रखती है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद हम किसी भी आपात परिस्थिति का मुकाबला करने के लिए इलाके में मुस्तैदी से तैनात हैं। हालांकि इसका ये अर्थ कतई नहीं है कि बाकी देशों के साथ हमारे संवाद और आदान-प्रदान पर किसी किस्म की रोक लगी हुई है। कोई पूर्ण विराम नहीं लगा है, हम पूरी तरह से तैयार हैं और ऐसी ही हमारी तैनाती ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी रही। हमारी अन्य योजनाओं के तहत हम लगातार अपनी तैनाती को बरकरार रखेंगे।

#### आईओआर में तैनात 40 जहाज

वाइस एडमिरल वात्स्यायन ने कहा कि एक समय में हमारे कम से कम 40 जंगी युद्धपोत हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में तैनात रहते हैं। हम सभी पर लगातार निगरानी रखते हैं। जिससे हमें ये पता रहता है कि कौन क्या कर रहा है? नौसेना के आधुनिकीकरण को लेकर उन्होंने कहा कि इस साल 10 जहाज और एक पनडुब्बी हमें मिल गई है। मुझे उम्मीद है कि चार अन्य जहाज दिसंबर के अंत से पहले नौसेना को मिल जाएंगे। इसके अलावा अगले साल हमें 19 जहाज मिलेंगे। 13 युद्धपोत वर्ष 2027 तक नौसेना के जंगी बेड़े में शामिल होंगे। मौजूदा समय में सरक्रीक के इलाके में चल रहे त्रिशूल युद्धाभ्यास में नौसेना के 25 युद्धपोत भाग ले रहे हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109